सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 16 अंक - 106 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 29 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-










# रायपुर-जबलपुर के बीच दौड़ेगी नई वंदेभारत, गोंदिया-बालाघाट के रास्ते 7 घंटे में पूरा होगा सफर

## पश्चिम मध्य रेलवे ने बोर्ड को भेजी समय सारिणी, एसईसीआर के पास भी पहुंचा प्रस्ताव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर व मध्य प्रदेश के जबलपुर के बीच जल्द ही सीधी रेल सेवा शुरू हो जाएगी। सीजी-एमपी के इन दो बड़े शहरों को जोड़ने के लिए नई वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का निर्णय लिया गया है। इस वंदेभारत एक्सप्रेस से न सिर्फजबलपुर को राजधानी रायपुर से जोड़ेगी बल्की यह दुर्ग होते हुए गोंदिया व बालाघाट, नैनपुर जैसे शहरों के बीच सीधी कनेक्टिविटी देगी। दोनों शहरों के बीच की दूरी लगभग 410 किमी है, जिसे यह ट्रेन सिर्फ7 घंटे में तय करेगी। पश्चिम मध्य रेलवे ने ट्रेन का प्रस्तावित समय-सारिणी रेलवे बोर्ड को भेज दिया है। वहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के पास भी इस ट्रेन का प्रस्ताव पहुंच गया है।



बता दें छत्तीसगढ़ को इस समय दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दिए गए हैं। एक वंदेभारत बिलासपुर से नागपुर और एक वंदेभारत दुर्ग से विशाखापट्नम के बीच दौड़ रही है। यदि रायपुर जबलपुर वंदेभारत एक्सप्रेस शुरू होती है तो यह तीसरा ट्रेन होगा जो छत्तीसगढ़ से होकर गुजरेगी। जबलपुर-रायपुर वंदेभारत पश्चिम मध्य रेलवे को दी जा रही है जा रही है जो कि छत्तीसगढ़ से रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी। नई वंदे भारत एक्सप्रेस एमपी संस्कारधानी के जबलपुर से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक चलेगी।

### गोंदिया से होकर चलेगी यह ट्रेन

जबलपुर और रायपुर के बीच दो रेल मार्ग हैं। पहला कटनी, शहडोल और बिलासपुर होकर जाता है। दूसरा गोंदिया के रास्ते जाता है। नई वंदे भारत एक्सप्रेस दूसरे रास्ते यानि गोंदिया से होकर चलेगी। इससे सिवनी, मंडला और बालाघाट के यात्रियों को विशेष लाभ होगा। नागपुर जाने वाले यात्रियों को भी आसानी होगी क्योंकि गोंदिया से उन्हें कई ट्रेनें मिल जाएंगी। यह ट्रेन गोंदिया होकर जाएगी। इस रूट पर अभी एक ही एक्सप्रेस ट्रेन चलती है। नई वंदे भारत एक्सप्रेस इस रूट पर यात्रा को और भी सुगम बना देगी। इससे लोगों को समय की बचत होगी और व्यापार को भी फ़ायदा होगा।

### यह है प्रस्तावित समय सारिणी

पश्चिम मध्य रेलवे ने नई वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रस्तावित सारिणी रेलवे बोर्ड को भेज दिया है। इसके अनुसार ट्रेन सुबह 5 बजे जबलपुर से चलेगी और नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया होते हुए राजनांदगांव, दुर्ग और 11:55 पर रायपुर पहुंचेगी। वापसी में यह दोपहर 1.20 बजे रायपुर से चलेगी और रात 8.15 बजे जबलपुर पहुंचेगी। इस तरह यह वंदे भारत एक्सप्रेस जबलपुर और रायपुर के बीच की यात्रा लगभग 7 घंटे में पूरी कर लेगी। यह मौजूदा समय की तुलना में काफी कम है। इससे लोगों का समय बचेगा और वे अपने काम पर जल्दी पहुंच सकेंगे। व्यापारियों को भी माल ढुलाई में आसानी होगी।

## खास-खबर



### छत्तीसगढ़ के प्रथम डीआईजी के निधन पर सीएम साय ने जताया दुख, पीएचक्यू में दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी और छत्तीसगढ़ के प्रथम पुलिस महानिदेशक मोहन शुक्ला का आकस्मिक 28 जनवरी को निधन हो गया है। भोपाल के वैशाली नगर स्थित अपने निवास पर मोहन शुक्ला ने 85 वर्ष उम्र में अपनी अंतिम सांस ली है। उनका अंतिम संस्कार भोपाल में दोपहर 12 बजे परिवारजनों और मित्रों की उपस्थित में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनके निधन पर दुख जताया है। वहीं दिवंगत आत्मा की शांति की उन्होंने कामना की, और उनके शोकाकुल परिजनों को भी संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

बता दें छत्तीसगढ़ के प्रथम पुलिस महानिदेशक के रूप में स्व.मोहन शुक्ला कार्यरत रह चुके है। एक नवंबर 2000 से 26 मई 2001 तक व: पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रहे हैं। जिसके बाद 26 मई 2001 से 2 अक्टूबर 2004 तक उन्होंने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रथम अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं थी। मोहन शुक्ला के निधन पर नया रायपुर में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों ने उनके लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया है।

# महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़, 20 से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत, सीएम योगी ने की खास अपील

## मौनी अमावस्या पर पुण्य स्नान के लिए जुटे करोड़ों लोग, एक अफवाह से मच गई भगदड़

**प्रयागराज ए.।** महाकुंभ के दौरान बुधवार को मौनी अमवस्या के पुण्य स्नान में विघ्न पड़ गया। संगम तट पर मंगलवार-बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे भगदड़ मच गई जिसमें 20 से अधिक श्रद्धालुओं के मारे जाने की खबर है। वहीं 50 से अधिक श्रद्धालु घायल हुए हैं। मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ने की बात कही जा रही है। घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सीएम योगी आदित्य नाथ गहरा दुख जताया है। प्रशासन ने मौत या घायलों की संख्या को लेकर हादसे के 10 घंटे बाद भी कोई जानकारी नहीं दी है। पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा-श्रद्धालु संगम पर ही स्नान करने की न सोचें। गंगा हर जगह पवित्र है, वे जहां हैं उसी तट पर स्नान करें। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर नियमों का पालन करें और जो जहां है वहीं स्नान करे। संगम नोज पर जाने का प्रयास न करें।

मिली जानकारी के अनुसार संगम नोज पर अफ्वाह के कारण भगदड़ मच गई। मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए पवित्र संगम पर आज पांच करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के स्नान का अनुमान है। इसके कारण महाकुंभ में भारी भीड़ भी लगी रही। इस दौरान यहां अफ्वाह के चलते भगदड़ मची। घटना के बाद लोग एक दूसरे को कुचलते हुए निकले जिसके कारण 14 से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत हो गई। घटना के बाद कई एंबुलेंस मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। भगदड़ के बाद प्रशासन के अनुरोध पर सभी 13 अखाड़ों ने आज मौनी अमावस्या का अमृत स्नान रद्द कर दिया और बैठक 10 बजे के बाद अमृत स्नान करने का निर्णय लिया गया।



### सीएम योगी ने कहा- पहले जनता करेगी स्नान



सीएम योगी ने कहा कि पहले जनता स्नान करेगी उसके बाद अखाड़े स्नान करेंगे। इस पर सहमति बनी है। सीएम योगी ने कहा कि प्रशासन के नियमों का पालन करें। सीएम योगी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि संगम नोज पर जाने से बचें। संगम में स्नान का दबाव ज्यादा है। संगम नोज पर स्नान जरूरी नहीं। लोक जिस घाट पर हैं वहीं पुण्य स्नान करें और प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करें। यही नहीं सीएम योगी ने किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान देने से बचने कहा। सीएम योगी ने कहा कि पूरे कुंभ क्षेत्र में घाट बनाए गए हैं, श्रद्धालुओं को संगम की ओर जाने की जरूरत नहीं है। श्रद्धालुओं को अपने नजदीकी घाटों पर ही पवित्र स्नान करना चाहिए। हम घायलों का उचित इलाज सुनिश्चित कर रहे हैं। रेलवे ने प्रयागराज क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों से श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाई हैं।

### प्रयागराज महाकुंभ में जो हादसा हुआ, वह बेहद दुखद है



महाकुंभ में भगदड़ पर पीएम मोदी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में जो हादसा हुआ, वह बेहद दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना है। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद करने में लगा हुआ है। इस संबंध में मैंने मुख्यमंत्री योगी जी से बात की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।

### सीएम साय ने जताया दुःख



सीएम साय ने कहा कि महाकुम्भ में भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कई श्रद्धालुओं के निधन और घायल होने की खबर अत्यंत दुःखद है। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं घायल श्रद्धालुओं के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। सभी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि संयम बनाए रखें और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें। मां गंगा के जिस घाट के समीप हैं, वहीं पुण्य स्नान करें।

रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर में आईटी रेड

## सत्यम बालाजी राइस मिल ग्रुप के कमीशन एजेंट्स के घर-दफ्तर में कार्रवाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग ने छापा मारा है। आयकर विभागों की टीमों ने रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई के कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी है। रायपुर में सत्यम बालाजी राइस मिल ग्रुप से जुड़े कई कमीशन एजेंट्स के दफ्तर और घर पर रेड पड़ी है। आज (बुधवार) सुबह छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के नंबर प्लेट वाली वाइट और सिल्वर गाड़ियों से अधिकारी पहुंचे हैं। दस्तावेजों की जांच चल रही है।

रायपुर के राजीव नगर स्थित घर, जवाहर मार्केट स्थित ऑफिस, राठौर चौक स्थित गोदाम, कमीशन एजेंट्स के ऑफिस और रिंगरोड स्थित जगुआर शोरूम समेत भनपुरी स्थित राइस मिल पर कार्रवाई चल रही है। 100 से अधिक अफसर जांच कर रहे हैं। आयकर विभाग को टैक्स चोरी का इनपुट मिला था। इसकी अब जांच की जा रही है। मप्र, महाराष्ट्र और उड़ीसा समेत तेलंगाना के ढ्ढञ्ज अफ्सर इस कार्रवाई में शामिल हैं। हालांकि आयकर विभाग ने इस कार्रवाई पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। आयकर विभाग की कार्रवाई रायपुर के अलावा महाराष्ट्र के गोंदिया, आंध्रप्रदेश के काकीनाडा सहित कुल 22 स्थानों पर की गई है।

# भिलाई स्टील प्लांट में दिखा तेंदुआ, दहशत में कर्मी रेस्क्यू करने के लिए पहुंची वन विभाग की टीम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट में तेंदुआ देखा गया। दो दिन से तेंदुए के कारण प्लांट के कर्मचारी दहशत में हैं। बताया जा रहा है कि तेंदुआ पहले बीआरएम के समीप दिखा था और अब उसे रेल मिल में देखा गया। वेल्डिंग इंस्पेक्शन एरिया में बीती रात आराम से तेंदुआ बैठा हुआ था। कर्मचारी अपने वाहन पार्क करते हैं। कुछ कर्मचारी जब अपनी गाड़ी लेने गए तो वहां तेंदुआ बैठा नजर आया। यह देखते ही कर्मचारी भाग खड़े हुए। अफरा-तफरी मच गई।

इस दौरान एक कर्मचारी ने फोटो लिया। उच्चाधिकारियों पर फोटो पहुंची और रात में ही वन विभाग की टीम भी प्लांट पहुंची। साथ ही मैत्री बाग की टीम भी प्लांट में एक्टिव हो गई। बुधवार को सुबह से खोजबीन की जा रही है, लेकिन तेंदुए का कहीं कुछ पता नहीं चल पाया है। वन विभाग की टीम पग मार्क की तलाश कर रही है। कहीं से लोकेशन मिल नहीं रहा है। बीएसपी प्रबंधन ने कर्मचारियों को सतर्क रहने कहा है।



# खैरागढ़ में 4 से 9 फरवरी तक होगा विश्व का सबसे बड़ा रंगमंच महोत्सव

■ इस बार खैरागढ़ के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में भारत रंग महोत्सव-2025 का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) द्वारा भारत का अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव, भारत रंग महोत्सव 04 से 09 फरवरी 2025 तक खैरागढ़, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जा रहा है । इस महोत्सव को 'भारंगम' के नाम से भी जाना जाता है, विश्व का सबसे बड़ा रंगमंच महोत्सव है, और इस वर्ष इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के सहयोग से आयोजन किया जा रहा हैं।



खैरागढ़ में महोत्सव का उद्घाटन 4 फरवरी, 2025 को शाम 6 बजे डॉ. नरेंद्र देव वर्मा ऑडिटोरियम में नर नारी उर्फ थैंकू बाबा लोचनदास नाटक के साथ होगा। इस साल के बीआरएम में अनेक नई पहल पहली बार होने जा रहे हैं, जिसमें इसकी थीम एक अभिव्यक्ति, सर्वोच्च सृजन भी शामिल है। भारत रंग महोत्सव 2025 का यह नारा रचनात्मक अभिव्यक्ति में एकता और सभी की एकता की भावना से मेल खाता है।

प्रख्यात अभिनेता और एनएसडी के पूर्व छात्र राजपाल यादव को इस वर्ष के लिए 'रंग दूत' (महोत्सव राजदूत) नामित किया गया है। इस वर्ष भारंगम में सेक्स वर्कर, ट्रांसजेंडर, वरिष्ठ नागरिक, बच्चे आदि जैसे विभिन्न समुदायों के साथ रंगमंच भी होगा। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक चित्तरंजन त्रिपाठी ने कहा कि भारत रंग महोत्सव अपने व्यापक दृष्टिकोण के साथ वैश्विक मंच पर एक अनुकरणीय रंगमंच महोत्सव बन गया है । इसने न केवल दुनिया भर के रंगमंच प्रदर्शनों के लिए एक मंच के रूप में काम किया है बल्कि इसने विभिन्न पारंपरिक प्रदर्शन कला रूपों के समामेलन के अवसर भी प्रदान किए हैं।

राजपाल यादव ने कहा कि 1997 में एक छात्र के रूप में स्नातक होने के बाद भारंगम 2025 के लिए रंगदूत के रूप में एनएसडी में वापस आना, ऐसा लगता है जैसे जीवन का पूरा चक्र पूरा हो गया है। जैसा कि मैं सिनेमा में 25 साल मना रहा हूं, मैं इस अविश्वसनीय सभा का हिस्सा बनकर बहुत अभिभूत हूं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के उपाध्यक्ष, प्रोफेसर भरत गुप्ता ने बताया कि रंग महोत्सव 2025 राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की 65वीं वर्षगांठ और एनएसडी रिपर्टरी कंपनी की 60वीं वर्षगांठ भी मना रहा है। उन्होंने आगे कहा कि 'एक रंग, श्रेष्ठ रंग' को अपनाना इस संदेश की परिणति है कि रंगमंच कहानी कहने की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से सीमाओं को पार करते हुए हम सभी को एकजुट करता है।

# 70 साल बाद महाकुंभ में बड़ा हादसा

श्रीकंचनपथ




देश को आजाद हुए कुछ ही साल हुए थे। 1954 में महाकुंभ था। गोविन्द वल्लभ पंत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के दौरान त्रिवेणी संगम पर एकाएक भगदड़ मच गई। इसमें एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं की मौत हो गई। उस समय भारत की आबादी लगभग 39 करोड़ थी। राज्य के साथ ही केन्द्र सरकार पर भी यह आरोप लगा कि वे मृत्यु के आंकड़ों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। लगभग 70 साल बाद 2025 में एक बार फिर कुंभ में हादसा हो गया। मौनी अमावस्या के दिन अमृत स्नान करने के लिए इस समय धर्मनगरी में 12 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उपस्थित हैं। जैसा कि आम तौर पर भीड़ में होता है, गलती से भी किसी का पैर फिसलता है तो लोग उसे धकियाते हुए आगे निकलने की कोशिश करते हैं। एक-एक कर लोग गिरते जाते हैं और लोग उनके ऊपर से पागलों की तरह आगे बढ़ते जाते हैं। चिल्लपों में लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगती कि उनके आसपास क्या हो रहा है। वो घायलों और शवों के ऊपर से आगे निकलने की कोशिश करते हैं। इसी को भगदड़ कहते हैं। हालांकि सरकार की ओर से अभी आंकड़े जारी नहीं किये गये हैं पर अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मृतकों की संख्या 30 से अधिक हो सकती है। अब जाकर संतों ने लोगों से अपने पास के घाट पर ही गंगा स्नान करने की अपील की है। योग गुरू बाबा रामदेव और वैष्णव पंथ के प्रमुख संत स्वामी रामभद्राचार्य ने लोगों से कहा कि उन्होंने स्वयं प्रतीकात्मक अमृत स्नान किया है। अपनी अपील में उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपनी, अपनों की तथा दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लोगों से ऐसी ही अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग अफ्वाहों पर ध्यान न दें और अपने निकटस्थ घाट पर ही स्नान करें। संगम नोज की तरफजाने की जिद न करें। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी ने कहा कि इस वक्त 12 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज में हैं। इतनी बड़ी भीड़ को कंट्रोल करना मुश्किल होता है। हमारे साथ लाखों की संख्या में संतों का हुजूम है। हमारे लिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है। पर भीड़ तो भीड़ होती है साहब। भीड़ के कान नहीं होते। भला हो राज्य सरकार का जिसने कुंभ में जुटने वाली श्रद्धालुओं की इस भीड़ का पहले ही आंकलन कर रखा था, अन्यथा यह घटना इससे कहीं बड़ी और त्रासद हो सकती थी। प्रयागराज में इस समय जितनी बड़ी संख्या में लोग मौजूद हैं वह छत्तीसगढ़ की कुल आबादी का चार गुना है। इसमें बच्चे, बूढ़े, महिलाएं भी बड़ी संख्या में हैं। सरकार और अखाड़ा समितियों ने तो प्रबंध किये हैं, पर श्रद्धालुओं को भी यह समझना होगा कि पुण्य का कोई भी रास्ता शवों पर से होकर नहीं जाता।




## संपादकीय

# सूची तो जारी हो गई अब असंतोष की समस्या

नगरीय निकाय चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने प्रत्याशियों का चयन कर सूची जारी कर दी है।प्रत्याशी चयन करना दलों के नेताओं के लिए एक बड़ी समस्या थी क्योंकि टिकट चाहने वाले बहुत और पदों की संख्या सीमित, ऐसे में सभी टिकट चाहने वालों को तो टिकट मिल नहीं सकती। प्रत्याशी चुनने में कई तरह की कसौटी होती है। जैसे चुनाव जीत सकता है या नहीं, क्या साल दो साल से वार्ड या शहर में चुनाव लड़ने की तैयारी की है,वह किसका समर्थक है,पार्टी अध्यक्ष किसी बड़ नेता,विधायक, सांसद, चुनाव जीतने के लिए कितना पैसा खर्च कर सकता है। पार्टी फंड में कितना पैसा दे सकता है। वह किस नेता का रिश्तेदार है। टिकट के दावेदार सभी कसौटी पर खरे पर उतर नहीं सकते। इसी आधार पर उनको टिकट नहीं दिया जाता है, जो ज्यादातर कसौटी पर खरे उतरते हैं, उनको टिकट दिया जाता है।

> *भाजपा और कांग्रेस ने अपने हिसाब से महापौर सहित पार्षदो की सूची जारी कर दी है और यह उनके हिसाब से जीतने वाले प्रत्याशियों की सूची है। भाजपा ने रायपुर सामान्य महिला से महापौर के लिए मीनल चौबे को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा दुर्ग ओबीसी महिला से अलका बाघमार, राजनांदगाव सामान्य मुक्त मधुसूदन यादव, धमतरी सामान्य मुक्त जगदीश रामू रोहरा,जगदलपुर सामान्य मुक्त संजय पांडे,रायगढ़ अजा मुक्त जीवर्धन चौहान,कोरबा सामान्य महिला संजू देवी राजपूत, बिलासपुर ओबीसी मुक्तपूजा विधानी,अंबिकापुर अजजा मुक्त मंजूषा भगत,चिरमिरी सामान्य मुक्त रामनरेश राय को महापौर प्रत्याशी बनाया गया है।*

कांग्रेस ने निगम के महापौर के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने जगदलपुर से मलकीत सिंह गैंदु, चिरमिरी से विनय जायसवाल, अंबिकापुर से अजय तिर्की, रायगढ़ जानकी काटजू, कोरबा उषा तिवारी, बिलासपुर प्रमोद नायक, धमतरी विजय गोलछा, रायपुर दीप्ति प्रमोद दुबे, दुर्ग प्रेमलता पोषण साहू, राजनांदगांव निखिल द्विवेदी प्रत्याशी बनाया है।

भाजपा कांग्रेस दोनों ने जीतने वाले प्रत्याशियों की सूची तो जारी कर दी है, इसमें जीतेगा वही, जिसके सामने पार्टी बाहर से बड़ी चुनौती नहीं होगी, पार्टी के भीतर से भी बड़ी चुनौती नही होगी। जिसने साल दो साल से चुनाव जीतने की तैयारी की होगी, शहर में सक्रिय रहा होगा, लोगों के बीच अच्छा काम करने वाले नेता की छबि होगी, पार्टी के कार्यकर्ता व नेता उसका साथ देंगे। पार्टी से कोई बागी होकर चुनाव न लड़े, पार्टी के भीतर रहकर कोई हराने की साजिश न करे। सूची के साथ असंतोष तो अभी बाहर नहीं आया है, लेकिन आने दिनों में साफ हो जाएगा किस प्रत्याशी को पार्टी के भीतर ही चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

कांग्रेस में प्रत्याशी चयन के दौरान ही रायपुर कांग्रेस भवन से कार्यकर्ताओं को बैठक से बाहर कर देने पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन में हंगामा किया है तो अनुमान लगाया जा सकता है कि प्रत्याशी चयन को लेकर कार्यकर्ताओं में गुस्सा होगा तो इसका खामियाजा चुनाव में प्रत्याशियों को भुगतना पड़ सकता है। प्रत्याशी जब तक चुने नही गए थे तो चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक कहते नहीं थकते थे कि नगरीय व पंचायत चुनाव को कार्यकर्ताओं का चुनाव है, इसमें तो कार्यकर्ताओं को सबसे ज्यादा मौका दिया जाएगा। किसी एक के कहने पर किसी को टिकट नहीं दी जाएगी। कितने कार्यकर्ताओं को टिकट दिया गया है यह तो इस बात से साफहो जाएगा कि किस पार्टी के कार्यकर्ताओं में टिकट वितरण को लेकर कितना असंतोष है, किस पार्टी से कितने नेता बगावत कर चुनाव लड़ रहे हैं।

कांग्रेस की सूची जारी होने के साथ ही चिरमिरी से एक कांग्रेस नेता ने महापौर का चुनाव लड़ने के लिए नामांकन भर दिया है। बबिता सिंह पीसीसी की संयुक्त महामंत्री हैं, वह पिछली बार महापौर की दावेदार थी, तब विधायक विनय जायसवाल की पत्नी को महापौर का टिकट दिया गया था। इस बार बबिता ने दावेदारी की तो पार्टी ने इस बार पूर्व विधायक विनय जायसवाल को टिकट दे दिया है। इससे नाराज बबिता का कहना है कि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं है।यहां पर तो कांग्रेस एक व्यक्ति के आसपास केंद्रित हो गई है। बबिता सिंह दो दशक के कांग्रेस की सक्रिय नेता है। वह चरणदास महंत की करीबी मानी जाती है।

रायपुर नगर निगम महापौर के लिए जब नेताओं की पत्नियों के नाम सामने आए थे, तब ही कांग्रेस की महिला नेताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए कह दिया था कि नेताओं की पत्नियों व बेटियों को टिकट दिए जाने का विरोध किया जाएगा। शहर में सक्रिय महिला नेताओं में से किसी तो टिकट दिया जाना चाहिए।इसके बाद भी यदि किसी नेता की पत्नी को टिकट दिया गया तो कांग्रेस को चुनाव में नुकसान उठाना पड़ेगा। कांग्रेस की महिला नेताओं की नाराजगी के बाद भी रायपुर से पूर्व महापौर, पूर्व निगम सभापति रह चुके हैं, लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गए प्रमोद दुबे की पत्नी को रायपुर से प्रत्याशी बनाया गया है यानी पार्टी ने एक परिवार के लोगों कई बार मौका दिया है।

इससे चिरमिरी की तरह यहां भी नेताओं व कार्यकर्ताओं को लग सकता है कि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का कोई सम्मान नहीं है। एक ही परिवार के लोगों को बार बार मौका दिया जा रहा है। कांग्रेस तो दीप्ति दुबे को जीतने वाला प्रत्याशी समझकर मौका दिया है, चुनाव के बाद पता चलेगा कि कांग्रेस नेताओं का चयन कितना सही था। भाजपा से तो मीनल चौबे को प्रबल दावेदार माना जा रहा था, भाजपा ने उनको ही मौका देकर एक तरह जनमत पर मुहर लगा दी है। इसका मतलब है कि कांग्रेस ने वही गलती की है जो उसने विधानसभा उपचुनाव में की थी और उसे हार का सामना करना पड़ा था। शहर में लोगों का कहना है कि गलती से कांग्रेस सबक नहीं लेती है इसलिए वह बार बार चुनाव हारती है।

# दागियों की मददगार साबित होती कानूनी विसंगतियां

प्रमोद भार्गव

**दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन जेल में बंद हैं। बावजूद वे दिल्ली विधानसभा के चुनाव में एआइएमआइएस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव प्रचार के लिए उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय से जमानत मांगी थी। किंतु दो न्यायाधीषों की पीठ ने विभाजित फैसला दिया।**

न्यायामूर्ति पंकज मित्तल ने ताहिर की याचिका खारिज करते हुए कहा कि ऐसे लोगों के चुनाव लड़ने पर रोक लगनी चाहिए। जबकि दूसरे न्यायामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला ने ताहिर को 4 फरवरी 2025 की दोपहर तक अंतरिम जमानत देने का निर्णय सुनाया। दो न्यायाधीषों की पीठ की मतभिन्नता का निर्णय आने के कारण अब ताहिर की अंतरिम जमानत पर बड़ी पीठ फैसला करेगी। इसके पहले दिल्ली उच्च न्यायालय भी ताहिर की जमानत अर्जी खारिज कर चुकी है। हालांकि इसी न्यायालय ने ताहिर को नामांकन पर्चा भरने के लिए कस्टडी पैरोल दी थी। इस अर्जी के खारिज होने के बाद ही शीर्ष न्यायालय में अर्जी लगाई गई थी। याद रहे दिल्ली में 5 फरवरी को मतदान होना हैं और 8 फरवरी को मतगणना होगी।

अर्से से चुनाव सुधार के लिए ऐसी विसंगतियों को दूर करने की मांग उठ रही है, जिनके चलते दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों के आरोपियों को चुनाव लड़ने का अधिकार मिला हुआ है। दरअसल दागियों को चुनाव लड़ने से तब तक बाधित नहीं किया जा सकता है। तब तक वर्तमान विरोधाभासी कानूनों में परिवर्तन नहीं कर दिया जाता। इस मकसद पूर्ति के लिए केंद्र सरकार को पहल करके संसद के दोनों सदनों से संशोधन विधेयक पारित कराने होंगे। वर्तमान में दलों के बीच जबरदस्त असहमति और टकराव है, अतएव ऐसा संभव होना कठिन है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ऐसे किसी बदलाव को संविधान का खात्मा करने का बहाना करते हुए संसद में हल्ला मचाएंगे और अन्य जिन विपक्षी दलों की बुनियाद दागियों पर टिकी है, वह उनका समर्थन करेंगे। हालांकि भाजपा और उनके सहयोगी दलों में भी दागियों की संख्या कम नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यह अपेक्षा इसलिए की जा सकती हैं, क्योंकि एक तो वे चुनाव सुधार की मुखर पैरवी करते रहे हैं, दूसरे जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 को खत्म करने का साहस दिखा चुके हैं। दरअसल जेल में बंद और जमानत पर छूटे दागियों को इसलिए राहत मिल जाती है, क्योंकि कानून की निगाह में आरोपी को दोष सिद्ध नहीं हो जाने तक निर्दोष माना जाता है। इसी आधार पर बंदी और दो साल से कम की सजा पाए लोगों को चुनाव में हस्तक्षेप के अधिकार मिले हुए हैं। देश में जाति और संप्रदाय आधारित विडंबनाएं इस हद तक हैं कि अनेक दागी चुनाव जीत भी जाते हैं। यहां तक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह ने पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट से विजय हासिल कर ली थी। इसी तरह टेरर फंडिग में तिहार जेज में बंद इंजीनियर रषीद ने जम्मू-कश्मीर की बारामूला विधानसभा सीट से चुनाव जीत लिया था। इस परिप्रेक्ष्य में विचारणीय बिंदू यह भी है कि हत्या, बलात्कार, आतंक, अलगाव और हिंसा भड़काने वाले लोग यदि जीतकर संसद और विधानसभा में पहुंच जाते हैं, तब क्या इन सदनों की गरिमा या संविधान की महिमा बढ़ जाती है ? यदि नहीं बढ़ती तो राजनैतिक दल इन्हें टिकट क्यों देजे हैं ? नागरिक शुचिता की अपेक्षा जहां मतदाता से की जाती है, वहीं संवैधानिक मर्यादा का पालन करने का दायित्व दल और निर्वाचित प्रतिनिधियों का है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 10 जुलाई 2013 को दिए एक फैसले के अनुसार किसी आपराधिक मामले में 2 वर्ष की सजा पाए दोषी सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों के पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। जिस तारीख से सजा सुनाई गई है, उसी दिन से माननीयों की सदस्यता निरस्त मानी जाएगी। अदालत ने इस फैसले में जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) को रदद् कर दिया था। यह धारा दागी नेताओं को मुकदमें लंबित रहते हुए भी पद पर बने रहने की छूट देती थी, यह फैसला 2006 में दाखिल वकील लिली थॉमस की याचिका पर दिया गया था। किंतु इस फैसले के विरुद्ध केंद्र सरकार ने संसद में सर्वसम्मति से संषोधन विधेयक लाकर षीर्श अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। इस बिल में धारा 8 की उपधारा 4 में एक प्रावधान जोड़ा, ताकि दागी नेताओं की कुर्सी बची रहे और वे सदन की कार्यवाही में भागीदारी करते रहें। किंतु अदालत ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा कि उपधारा 4 भेदभाव पूर्ण है, क्योंकि यह दोशी ठहराये गए आमजन को तो चुनाव लड़ने से रोकती है, लेकिन जनप्रतिनिधि को सुरक्षा मुहैया कराती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने दागियों का महत्व राजनीति से समाप्त की दृष्टि से महज जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) को खारिज किया था। यह एक ऐसी विरोधाभासी धारा थी, जो पक्षपात बरतते हुए दोषियों को दोहरे दृष्टिकोण से परिभाषित करती थी। यह संहिता एक ओर तो उस आम आदमी को चुनाव लड़ने से रोकती है, जिसे दो साल या इससे अधिक की सजा हुई हो और दूसरी तरफ आपराधिक दोशी करार दिए गए नेताओं को पद पर बने रहने की छूट देती थी। इस भेद को खत्म करना, न्यायिक समानता के लिए जरुरी था, जिससे संवैधानिक मर्यादा का पालन हो और देश के हरेक नागरिक को समानता के अधिकार मिलें। किंतु संशोधन के जरिए अदालत के 10 जुलाई के फैसले को बदलने की भावना जताकर सभी राजनीतिक दलों ने साफकर दिया था वे न्याय के क्षेत्र में समानता के हकदार नहीं हैं।

जनप्रतिनिधि कानून के विपरीत संविधान के अनुच्छेद 173 और 326 में प्रावधान है कि न्यायालय द्वारा दोशी-करार दिए लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जा सकते हैं। यहां प्रष्न खड़ा होता है कि जब संविधान के अनुसार कोई अपराधी मतदाता भी नहीं बन सकता तो वह जनप्रतिनिधि बनने के नजरिए से निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी कैसे कर सकता है ? संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत यह दोहरा मापदंड समानता के अधिकार का उल्लंघन है। समान न्यायिक व्यवहार की इस मांग को जनहित याचिका के जरिए लिली थॉमस और लोक प्रहरी नामक एनजीओ ने अदालत के समक्ष रखा था। याचिका में दर्ज इस विषंगति को षीर्श न्यायालय ने अपने अभिलेख में प्रश्नांकित करते हुए केंद्र से जवाब तलब भी किया था। केंद्र ने शपथ-पत्र देकर तर्क गढ़ा था कि 'कई बार सरकार बनाने या गिराने में चंद वोट ही बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, लिहाजा सजा मिलने पर किसी जनप्रतिनिधि की सदस्यता खत्म कर दी जाती है तो सरकार की स्थिरता ही खतरे में पड़ सकती है।' सरकार ने यह भी तर्क दिया था 'यह उन मतदाताओं के संवैधानिक अधिकार का हनन होगा, जिन्होंने उन्हें चुना है।' जाहिर है, सरकार राजनीति में शुचिता लाने के बरक्स अपराध बहाली को तरजीह दे रही थी। अन्यथा सरकार क्या यह नहीं जानती कि जो प्रतिनिधि जेल में कैद हैं, वह क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कैसे कर सकता है ? क्या सरकार इस संवैधानिक व्यवस्था से अनभिज्ञ है कि किसी प्रतिनिधि की मृत्यु होने, इस्तीफा देने अथवा सदस्यता खत्म होने पर छह माह के भीतर नया जनप्रतिनिधि चुनने की संवैधानिक अनिवार्यता है ? इस स्थिति में न तो कोई निर्वाचन क्षेत्र नेतृत्वविहीन रह जाता है और न ही किसी सरकार की स्थिरता खतरे में पड़ती है ? ऐसी दोषपूर्ण प्रणाली के चलते ही राजनीति का मूलाधार वैचारिक अथवा संवैधानिक निष्ठा की बजाय सत्ता के गणित में सिमट कर रह गया है।

दागियों के बचाव में राजनेता और कथित बुद्धिजीवी बड़ी सहजता से कह देते हैं कि दागी, धनी और बाहुबलियों को यदि दल उम्मीदवार बनाते हैं तो किसे जिताना है, यह तय स्थानीय मतदाता को करना होता है। बदलाव उसी के हाथ में है। वह योग्य, शिक्षित तथा स्वच्छ छवि के प्रतिनिधि का चयन करे। लेकिन ऐसी स्थिति में अकसर मजबूत विकल्प का अभाव होता है। ऐसे में मतदाता के समक्ष दो प्रमुख दलों के बीच से ही उम्मीदवार चयन की मजबूरी पेश आती है। लोक पर राजनेता की मंशा असर डालती है। जनता अथवा मतदाता से राजनीतिक सुधार की उम्मीद करना इसलिए बेमानी है, क्योंकि राजनीति और उसके पूर्वग्रह पहले से ही मतदताओं को धर्म और जाति के आधार पर बांट चुके होते हैं। बसपा, सपा और एआइएमआइएस का तो बुनियादी आधार ही जाति है। यह अलग बात है कि जब एक ही जाति के बूते सत्ता पाना संभव नहीं हुआ तो मायावती ने सोषल इंजिनियरिंग के बहाने सर्व समाज हितकारी समीकरण आगे बढ़ा दिया। यही अब सपा कर रही हैं। वैसे भी देश में इतनी अज्ञानता, अशिक्षा, असमानता और गरीबी है कि लोग बांटी जा रही मुफ्त की रेवड़ियों के आधार पर मतदान करने लगे हैं। दिल्ली में भी भाजपा और आम आदमी पार्टी नित नई रेवड़ियां बांट रहे हैं। अतएव राजनीतिक सुधार की दिशा में न्यायालय हस्तक्षेप करके विधायिका को कानून बनाने के लिए उत्प्रेरित तो कर सकती है, लेकिन वह इस दिशा में कोई नया कानून अस्तित्व में नहीं ला सकती? क्योंकि कानून बनाने का दायित्व संविधान ने विधायिका के पास सुरक्षित रखा हुआ है। इस लिहाज से हत्या, अपहरण और दुष्कर्म जैसे कुकर्मों में लिप्त आरोपियों को चुनाव लड़ने से रोकना है तो संसद को ही कानून बनाना होगा ?

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# चीन के निर्णय से भारत सकते में

डॉ. एन.के. सोमानी

**पिछले साल अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में जब पूर्वी लद्दाख को लेकर भारत और चीन के बीच समझौते की खबर आई तो एकबारगी लगा कि एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और परमाणु सशस्त्र सेनाओं के बीच संबंध सामान्य हो रहे हैं।**



दोनों देशों के रिश्तों में 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' वाली नरमी लौटने से एक उम्मीद जगी थी कि एशियाई रिजन तनाव व संघर्ष के वातावरण से मुक्त हो सकेगा। दुर्भाग्य से पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रों के बीच विश्वास बहाली की जमीन पुख्ता हो पाती इससे पहले ही चीन ने तिब्बत में ब्रहमपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े डैम प्रोजेक्ट को मंजूरी देकर विवाद को हवा दे दी। चीन के इस निर्णय से भारत सकते में है।

भारत का मानना है कि चीन के इस प्रोजेक्ट से निचले बहाव वाले देशों खासकर भारत और बांग्लादेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भारत ने इस प्रोजेक्ट पर कड़ी आपत्ति प्रकट की है। उसने चीन सरकार को दो टूक कहा है कि किसी भी तरह के निर्माण से पहले निचले बहाव वाले देशों के हितों का ध्यान रखा जाए। भारत का मानना है कि बांध का निर्माण जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षति और निचले इलाकों में जल संकट उत्पन्न कर सकता है। हालांकि, चीन ने योजना का बचाव करते हुए कहा है कि दाकों के अध्ययन के बाद सुरक्षा मुद्दों का समाधान किया गया है, इसलिए बांध के निर्माण से दूसरे देशों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा, लेकिन सवाल यह है कि चीन की कथनी और करनी पर किस हद तक भरोसा किया जाए। बांग्लादेश की युनूस सरकार ने परियोजना पर सवाल खड़े किए हैं।

ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत के कैलाश पर्वत के पास मानसरोवर झील के पूर्व की ओर से निकलती है। भारत के अरुणाचल प्रदेश और असम से होते हुए यह बांग्लादेश तक जाती है। इसकी कुल लंबाई 2880 किमी है। तिब्बत में इसका नाम यारलुंग सांगपो है। तिब्बत में इसका बहाव क्षेत्र 1625 किमी है। भारत में इसकी लंबाई 918 किमी है। यहां इसे सियांग, दिहांग और ब्रहमपुत्र के नाम से जाना जाता है। नदी का बाकी 337 किमी का हिस्सा बांग्लादेश में है, जहां इसे %जमुना कोयला' कहा जाता है। तीन देशों में बहाव क्षेत्र होने के कारण नदी पर शुरू की जाने वाली किसी भी परियोजना या एक तरफा तौर पर होने वाले निर्माण पर सवाल उठने लगते है। पिछले 25 दिसम्बर को जब चीन ने ब्रह्मपुत्र पर 60,000 मेगावाट की क्षमता वाली दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना के निर्माण की घोषणा की खबरे मीडिया में आई तो भारत सरकार हरकत में आई।

दरअसल, चीन जिस तरह से अपनी महत्त्वाकांक्षी योजनाओं का उपयोग प्रतिद्वंद्वी देशों को आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर घेरने के लिए करता है उससे भारत की चिंता बढनी ही थी। चिंता के कई बड़े कारण है। पहला, इस परियोजना के शुरू होने के बाद भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र पर हमेशा चीनी दखल का खतरा मंडराता रहेगा। दूसरा, चीन का भारत और बांग्लादेश के साथ सीमा विवाद बढ़ सकता है, क्योंकि ब्रह्मपुत्र नदी के पानी पर तीनों देशों के दावे को लेकर विवाद है। तीसरा, भारत-चीन संबंधों में तनाव उत्पन्न होने की स्थिति में चीन इस डैम को भारत के साथ सौदेबाजी का जरिया बना सकता है। चौथा, चीन इस डैम का उपयोग %वाटर बम' के तौर पर भी कर सकता है।

तनाव और विवाद की स्थिति में चीन इस डैम के जरिए भारत के सीमाई इलाकों में बड़ी मात्रा में वाटर फ्लो करके बाढ़ जैसे हालात पैदा कर देगा। सच तो यह है कि ब्रह्मपुत्र अरुणाचल प्रदेश और असम की जीवन रेखा है, जो पांच करोड़ से अधिक लोगों को पेयजल, सिंचाई और जलविधुत के लिए पानी उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर चीन ब्रह्मपुत्र पर बांध का निर्माण करता है तो पानी के बहाव पर उसका नियंत्रण हो जाएगा।

परिणामस्वरूप वह शुष्क मौसम के दौरान पानी के प्रवाह को कम कर कृषि और पेयजल के लिए जल संकट उत्पन्न करने में संकोच नहीं करेगा। दूसरी ओर मानसून के दौरान अतिरिक्त पानी छोडने का भी खतरा बना रहेगा। इससे पहले भी चीनी अपस्ट्रीम गतिविधियों के कारण असम, अरुणाचल और हिमाचल में बाढ़ आ गई थी। दरअसल, चीन अपनी महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं को लेकर हमेशा संशय की स्थिति बनाए रखता है। निर्माण योजना को लेकर पड़ोसी देशों के बीच भ्रम बनाए रखना और महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी साझा करने से बचना उसकी इसी %निर्माण नीति' का हिस्सा है। साल 2010 में कई वर्षो के इनकार के बाद उसने स्वीकार किया कि वह ब्रह्मपुत्र पर जंगमु बांध बना रहा है।

हालांकि, भारत का पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ नदी के पानी को लेकर विवाद है लेकिन दोनों देशों के साथ संधि होने के कारण इस मुद्दे को सुलझाया जा सकता है परन्तु चीन के साथ भारत की कोई संधि नहीं है दोनों के बीच केवल एक समझौता ज्ञापन है जिसके तहत चीन केवल ब्रह्मपुत्र पर हाइड्रोलॉजिकल डेटा प्रदान करता है। यह एक अस्थायी समझौता है जिसकी हर पांच साल में समीक्षा की जाती है और चीन जब चाहे इससे पीछ हट सकता है। सवाल है भारत चीन की इस चुनौती से निबटने के लिए क्या कर सकता है। पूरे मामले में सबसे गंभीर और चिंताजनक पहलू यह है कि भारत को इस प्रोजेक्ट की समय रहते खबर क्यों नहीं लगी? दूसरा जिस तरह से भारत ने एक सप्ताह से अधिक का समय बीतने के बाद चीन के समक्ष आपत्ती प्रकट की उस पर भी सवाल उठ रहे हैं।

खैर! अब भी कोई बहुत ज्यादा देर नहीं हुई है। चीन की चुनौती से निबटने के लिए भारत ने रणनीतिक उपायों के साथ जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण पर आगे बढने के संकेत दिए। हालांकि, भारत भी अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र पर डैम का निर्माण कर चीन को काउंटर करने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा जिस तरह से 2023 की शुरुआत में भारत ने रणनीतिक चतुराई के साथ वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन का आयोजन करके ग्लोबल साउथ की दौड़ से चीन को अलग किया है, वैसी रणनीतिक सूझबूझ का परिचय मौजूदा चुनौती से निबटने में देना होगा।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं

**आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नसीहत और चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। इस क्षेत्र को आतंकवाद के केंद्र के रूप में इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री ने इसकी भूमि प्रशिक्षण शिविरों और घुसपैठ गतिविधियों के लॉन्च पैड के तौर पर करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इसकी पक्की जानकारी भारत के पास है, पाकिस्तान को यह बीमारी खत्म करनी होगी, नहीं तो डॉट-डॉट-डॉट।**



पीओके के लोगों को सम्मानजनक जीवन से वंचित रखने और धर्म के नाम पर उनका शोषण करने की भी उन्होंने चर्चा की। पीओके के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि यह जिया-उल-हक के समय से पोषित भारत विरोधी एजेंडा का हिस्सा है। पीओके यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ने बीते हफ्ते जिहादी संस्कृति को फिर जीवित करने की घोषणा की है।

जिहाद की वकालत कर, अल-जिहाद के नारे लगवाने के पीछे उनकी मंशा इलाके की शांति भंग कर स्थिरता को ठेस लगाने की है। भारत-पाकिस्तान के दरम्यान 1965 में अखनूर में ही युद्ध लड़ा गया था। 1948, 1965, 1971 से लेकर 99 तक पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी परंतु घुसपैठ की घटनाएं रुकी नहीं हैं। न ही लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति छोड़ रहा है।

सरकार का दावा है कि धारा 370 को हटाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में महत्त्वपूर्ण बदलाव नजर आ रहा है। राज्य की अब्दुल्ला सरकार ने भी लचीला रुख अख्तियार किया है। सरकार इस इलाके को भारत के माथे के मुकुट का मणि बताते हुए लंबे समय से दावा कर रही है कि वह पीओके को वापस लेने के प्रति गंभीर है।

पाकिस्तान का भारत विरोधी रुख किसी से छिपा नहीं है। शांति के प्रति उदासीन इस पड़ोसी मुल्क के पास आंतरिक समस्याओं का इतना अंबार है कि वह अंतरराष्ट्रीय मसलों के प्रति उपेक्षा भाव अपनाए रहने को मजबूर लगता है। सैनिकों की हौंसलाफजाई तक तो ठीक है परंतु जब उस पर डपट काम नहीं करती तो यूं डॉट-डॉट-डॉट जैसे हफरे का क्या असर हो सकता है। कोरी धमकियों की बजाय अब सरकार को स्पष्ट तौर पर उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं करना चाहिए।













प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110




# श्रीकंचनपथ

भिलाई-दुर्ग



ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544




## खास खबर

### नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक का दुर्ग आगमन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती रोक्तिमा यादव (आईएएस) को दुर्ग जिले के नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। निर्वाचक प्रेक्षक श्रीमती रोक्तिमा यादव का दुर्ग में आगमन हो गया है। उन्होंने आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी से नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचन कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने जिले के समस्त रिटर्निंग/सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्वाचन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निर्वाचन प्रेक्षक रोक्तिमा यादव (आईएएस) से नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के संबंध में सेक्टर-06 भिलाई निवास अपार्टमेंट क्रमांक-31 में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। उनका मोबाईल नंबर 7646946562 है।

### पार्षद के 653 तथा महापौर व अध्यक्ष के लिए 42 नामांकन जमा

**दुर्ग।** नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के नाम निर्देशन पत्र जमा करने के अंतिम दिन पार्षद पद हेतु 107 और महापौर व अध्यक्ष पद हेतु 22 नामांकन जमा हुए हैं। नगर पालिक निगम दुर्ग, भिलाई, भिलाई-चरौदा एवं रिसाली, नगर पालिका परिषद कुम्हारी, अहिवारा एवं अमलेश्वर तथा नगर पंचायत धमधा, पाटन व उतई में पार्षद पद हेतु 107 नामांकन जमा हुए हैं। इसी प्रकार नगर निगम दुर्ग, नगर पालिका परिषद कुम्हारी, अहिवारा एवं अमलेश्वर तथा नगर पंचायत धमधा, पाटन, उतई में महापौर व अध्यक्ष पद हेतु 22 नामांकन जमा हुए हैं। 28 जनवरी तक पार्षद पद हेतु 653 नामांकन तथा महापौर/अध्यक्ष पद हेतु 42 नामांकन जमा हुए है। उक्त नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु नामांकन की जांच 29 जनवरी को होगी तथा नाम वापसी 31 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित है।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 1174 नामांकन हुए जमा

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 के अंतर्गत नामांकन जमा करने के दूसरे दिन पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के 1174 नामांकन जमा हुए। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार पंच के 1052, सरपंच के 113, जनपद पंचायत सदस्य के 08 तथा जिला पंचायत सदस्य के 01 नामांकन जमा हुए है।

# हाईकोर्ट ने बीएसपी की कार्रवाई को माना सही, आरपी शर्मा को हटाना होगा कब्जा

## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सेल के पक्ष में फैसला सुनाया, सेल के लीज समाप्त करने के आदेश को किया निरस्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने 13 जनवरी 2025 को आरपी शर्मा बनाम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएआईएल) और भिलाई स्टील प्लांट नामक रिट याचिका में फैसला सुनाया। इस मामले में भूमि के अतिक्रमण और याचिकाकर्ता आरपी शर्मा को 1998 में दी गई भूमि के लीज को समाप्त करने को लेकर विवाद था। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को सात दिनों के भीतर अतिक्रमित भूमि खाली करने का आदेश दिया है। ऐसा न करने पर सेल को आगे की कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया।




हालांकि न्यायालय ने सेल द्वारा लीज को समाप्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया, लेकिन अतिक्रमण की कार्रवाई को उचित ठहराया और प्रक्रिया की निष्पक्षता पर जोर दिया। जनवरी 2012 में, सेल ने लीज अनुबंध के अनुच्छेद 6 का उल्लंघन करते हुए लीज समाप्त कर दी, जो भूमि पर अनधिकृत कब्जे के मामलों में लीज को समाप्त करने की अनुमति देता है। क्योंकि लीज के अनुबंध के अनुच्छेद 6 का उल्लंघन करते हुए याचिकाकर्ता ने बिना अनुमति के अतिरिक्त भूमि पर कब्जा कर लिया था।

### बीएसपी के लीज का समाप्ति आदेश दी थी चुनौती

आरपी शर्मा ने यह तर्क दिया कि यह विचाराधीन भूमि औपचारिक रूप से आवंटित नहीं की गई थी और उनकी भूमि के लिए आवेदन अभी भी लंबित था और औपचारिक रूप से खारिज नहीं किया गया था, इसलिए लीज का समाप्ति आदेश अनुचित था। सेल ने इस मामले में याचिकाकर्ता द्वारा अतिक्रमित भूमि का उपयोग करने के प्रमाण प्रस्तुत किए, जिसमें मवेशियों का रखना और लीज अनुबंध के अनुच्छेद 6 का उल्लंघन शामिल था।

उच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि शर्मा द्वारा अतिरिक्त भूमि का कब्जा अवैध था। हालांकि, न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रक्रिया की निष्पक्षता को नकारा नहीं किया जा सकता और लीज की समाप्ति समय से पहले की गई थी, क्योंकि भूमि के लिए लंबित आवेदन पर निर्णय नहीं लिया गया था। दोनों पक्षों को भविष्य में किसी उल्लंघन के लिए अगली सुनवाई का मौका दिया गया। इस याचिका को उक्त निर्देशों के साथ निस्तारित कर दिया गया और न्यायालय ने सेल को आवश्यक होने पर आगे की कार्रवाई करने का अधिकार दिया।

### रुआबांधा सेक्टर एचएससीएल कॉलोनी में स्थित एक भूमि से संबंधित है विवाद

यह विवाद भिलाई के रुआबांधा सेक्टर में एचएससीएल कॉलोनी में स्थित एक भूमि से संबंधित है, जिसे याचिकाकर्ता आर.पी. शर्मा को लोकनायक जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा स्थापित करने सहित सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए आबंटित किया गया था। विवाद तब उत्पन्न हुआ जब शर्मा ने भूमि का अपने इच्छित उद्देश्यों के लिए उपयोग करते हुए, आवश्यक प्राधिकरण प्राप्त किए बिना आस-पास की अतिरिक्त 2670 वर्ग फीट भूमि पर अतिक्रमण कर लिया। सेल से कई नोटिस प्राप्त करने के बावजूद, याचिकाकर्ता शर्मा ने अतिक्रमित क्षेत्र पर कब्जा करना जारी रखा।



### सोनाली ने जीता रजत पदक 8 खिलाड़ी हुए क्वालिफाई

**भिलाई।** उत्तर पूर्व जोन अंतर विश्वविद्यालयीन वेट लिफ्टिंग स्पर्धा में हेमचंद यादव विवि की सोनाली यदु ने रजत पदक जीता। साथ ही हेमचंद विवि की महिला टीम के 8 खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन स्पर्धा के लिए क्वालिफाई किया है। यह स्पर्धा लवली प्रोफेशनल विवि जालंधर पंजाब में हुई थी। इसमें हेमचंद विवि का प्रतिनिधित्व 9 खिलाड़ियों ने किया।

संचालक खेल और शारीरिक शिक्षा डॉ. दिनेश नामदेव ने बताया कि अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन स्पर्धा के लिए क्वालिफाई करने वालों में पायल, मौसमी, शिवानी निषाद, हेमा मंडावी, सोनाली यदु, तानिया बंजारे, निकिता और अंशुल सोनवानी शामिल हैं। टीम के मैनेजर देवेश जोशी हैं और कोच अनिता शिंदे। पिछले शिक्षा सत्र में भी सोनाली का चयन खेलो इंडिया के लिए हुआ था। इसमें उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त किया था। अभा अंतर विश्वविद्यालयीन स्पर्धा 14 से 17 फरवरी तक केंद्रीय विवि हिमाचल प्रदेश में होगी।

## केके मोदी यूनिवर्सिटी का सैंक्टम के साथ वेलनेस सत्र संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में स्थित सर्वश्रेष्ठ निजी विश्वविद्यालयों में से एक केके मोदी यूनिवर्सिटी (केकेएमयू) ने दुर्ग में अपने परिसर में आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया। समग्र शिक्षा के अपने मिशन पर कायम रहते हुए, केकेएमयू ने सैंक्टम के संस्थापकों लुक मेलिस, पूर्व डच पेशेवर नर्तक और फिटनेस गुरु, और गेब्रियल ओल्स्ज़ेव्स्की के साथ मिलकर एक अनोखा अनुभव प्रदान किया। सैंक्टम द्वारा आयोजित सत्र में उच्च तीव्रता के अभ्याओस को सजगता और अभिव्युक्ति अभियान के साथ जोड़ा गया, जिसका छात्रों और शिक्षकों दोनों पर एक स्थायी प्रभाव पड़ा।

केके मोदी यूनिवर्सिटी की संस्थापक और चांसलर चारू मोदी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि - केकेएमयू में, हम अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक शिक्षा से परे जाने में विश्वास करते हैं। यह केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के बारे में ही नहीं, बल्कि हमारे छात्रों को जीवन के हर क्षेत्र में आगे



बढने के लिए - शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप सेसशक्त बनाने के बारे में भी है। सैंक्टम का अनुभव इस दृष्टिकोण के लिए एकदम सही था, जो हमारे छात्रों को एक गहन स्तर पर विकसित होने और खुद से जुड़ने का वास्तविक परिवर्तनकारी अवसर प्रदान करता है।

सैंक्टम द्वारा आयोजित 50 मिनट का अनोखा सत्र एक बहु-संवेदी यात्रा थी, जिसे संचलन, सचेतनता और कहानी सुनाने के माध्यम से यूनिवर्सिटी के युवा छात्रों की क्षमता को उजागर करने के लिए बनाया गया था। 300 से अधिक प्रतिभागियों को हेडफोन पर इमर्सिव ब्रीदिंग एक्सरसाइज, डायनेमिक मूवमेंट और लयबद्ध कहानी सुनाने के माध्यम से निर्देश दिए गए।

# शौचालय मरम्मत में लीपा पोती पर नाराज हुई आयुक्त वर्मा एसएलआरएम के कर्मचारियों को मास्क लगाने की हिदायत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम रिसाली के अंतर्गत पुरैना वार्ड 40 में चल रहे शौचालय मरम्मत कार्य का आयुक्त मोनिका वर्मा ने निरीक्षण की। उन्होंने लीपा पोती कार्य और शिकायत मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त ने प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा को निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने पर पहले गुणवत्ता देखे इसके बाद ही बिल प्रस्तुत करे।

नगर पालिक निगम मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर पुरैना के तीन वार्डो का आयुक्त मोनिका वर्मा ने निरीक्षण की। इस दौरान नागरिकों ने शिकायत की कि मरम्मत कार्य करने वाले ठेकेदार गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दे रहा है। गिरते प्लास्टर



के ऊपर रंग रोगन किया है। इसी तरह सीट को भी नहीं बदल रहा है। छत के ऊपर स्टाल किए वाटर टैंक में ओवर फ्लो पाइप नहीं होने की वजह से छत में पानी जमा होकर सीपेज कर रहा है। निरीक्षण के दौरान मौके पर सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।

सार्वजनिक शौचालय देखने के बाद आयुक्त मोनिका वर्मा अधिकारियों के साथ कचरा पृथक्करण केन्द्र पहुंची। उन्होंने बिना देरी किए एसएलआरएम में असमाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने जाली लगाने के निर्देश दिए। वहीं नए पीट में गीला कचरा डाल खाद बनाने की प्रक्रिया को शुरू करने कहा। आयुक्त ने स्वच्छता दीदी को मास्क लगाकर कचरा छाटने कहा।

### निर्माण कार्य 15 तक

इस दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यो की अधिकारी मॉनिटरिंग करे। 15 फरवरी तक हर हाल में निर्माण कार्य पूर्ण कर अभियंता प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। आयुक्त मोनिका वर्मा मुक्तिधाम भी देखने पहुंची। उन्होंने मुक्तिधाम में केवल 2 प्लेटफार्म देख प्लेटफार्म को बढ़ाने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने शेड को मरम्मत कर अलग से लकड़ी रखने कक्ष बनाने प्रस्ताव शासन को भेजने कहा।

## स्नेह सम्मेलन में छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत व नृत्य की दी प्रस्तुति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दिव्य अनुभूति विद्यालय, कोहका का वार्षिक स्नेह सम्मेलन मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी कला प्रतिभा की शानदार प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। प्रतिभाशाली छात्र छात्राएं अतिथियों से सम्मान पाकर उत्साहित हुए। छत्तीसगढ़, बंगाल, पंजाब, गुजरात, दक्षिण भारतीय वेशभूषा में वहां के परंपरागत गीत, नृत्य की प्रस्तुति दी। स्कूल के डायरेक्टर, शिक्षाविद जेपी घनघोरकर के मार्गदर्शन में और प्राचार्य माधुरी वर्मा के संचालन में आयोजित समारोह में वीर बालक राज्य वीरता अवार्ड से सम्मानित ओम उपाध्याय का अतिथियों ने शाल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर संस्था ने गौरवान्वित महसूस किया। समारोह के अतिथि निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, बृजेश बिजपुरिया आदि उपस्थित रहे।

# सफाई व्यवस्था, सुलभ शौचालय एवं तालाबों का औचक निरीक्षण करने पहुचें आयुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जोन क्रं. 03 पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने प्रातः 6 बजे आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंच गये। वहां पर कर्मचारियो की उपस्थिति उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो का जांच किये। इसके साथ ही वार्ड 36 सूर्य नगर में जर्जर सुलभ शौचालय, साफ-सफाई, पानी व्यवस्था ठीक करने एवं वार्ड 30 प्रगति नगर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय का संधारण शीध्र कराने को कहे।

आयुक्त पाण्डेय ने जोन 02 वैशाली नगर क्षेत्र के सुपेला शीतला तालाब, रामनगर मुक्तिधाम तालाब, नक्टा तालाब, सीमेंटीकरण सड़क निर्माण, शौचालय निर्माण आदि सभी जगह पहुंच कर साफ-सफाई, निर्माण, संधारण कार्यो को समय अवधि में पूरा करने के लिए जोन आयुक्त येशा लहरे को निर्देशित किये। इसके साथ ही सभी तालाबो का सीमांकन राजस्व विभाग के सहयोग से समय अवधि में पूर्ण करने को कहे। जो लोग तालाबो के किनारे अतिक्रमण किये है, उन्हे हटाया जा सके। कुछ लोगो द्वारा तालाब के किनारे शासकीय जमीनो पर अवैघ कब्जा किया गया है। तालाबो की पैमाईस के बाद यह ज्ञात हो सकेगा, कि तालाब का पूरा क्षेत्रफल कितना है। अवैध कब्जाधारियो को नोटिस देकर हटाया जा सकेगा, उसी के आधार पर चैहददी निर्धारित हो जायेगी। यह भी ज्ञात हो जायेगा कि तालाब की लम्बाई चैंड़ाई कहां से कहां तक है, उसका बोर्ड लगाया जा सके। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, जोन सुपरवाईजर अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।



# सेल शाबाश योजना : नगर सेवाएं विभाग के 52 कर्मचारी सम्मानित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के 52 कर्मचारियों को उनके अभिनव प्रयासों के प्रोत्साहन के लिए, लॉन्च की गई 'सेल शाबाश' योजना के तहत प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्षेत्र में अपनी लगन व समर्पण से बेहतर परिणाम देने वाले कर्मचारियों के कार्यों को सम्मानित करने एवं अन्य कार्मिकों को प्रेरित करने के लिए सेल शाबाष योजना आरंभ की गई हैं।

इस कार्यक्रम का आयोजन 27 जनवरी 2025 को मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं एवं सीएसआर) उत्पल दत्ता के मुख्य आतिथ्य में नगर सेवाएं विभाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक तथा गैर-कार्यपालक सहित कुल 52 कर्मचारियों को प्रषस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने सम्मान प्राप्त सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए, उनके कार्यक्षेत्र में हासिल की गई विशेष उपलब्धियों और योगदान के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि पुरस्कृत कर्मचारियों की यह उत्कृष्ट कार्य-संस्कृति अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर प्रदर्षन के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) जीएमवी पद्मिनी कुमार ने किया।

### इन कर्मचारियों का हुआ सम्मान

नगर सेवाएं विभाग में आयोजित 'सेल शाबाश' कार्यक्रम के तहत जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया उनमें केके यादव, एन के जैन, रघुवेन्द्र गर्ग, अनिल कुमार सिंह, रणबीर पुन्न, सरोज झा, आर के साव, रमेश कुमार गुप्ता, अशोक सिंह, कमल कांत वर्मा, मिलिंद बंसोड़, दीपक कुमार विश्वकर्मा, सैयद जुबैर अहमद, जगतार सिंह, सुलेखा नायक, अजय बनर्जी, आशीष गुप्ता एवं तिलकराम सिन्हा। विनोद सिंह राजपूत, राजेश कुमार शर्मा, शंकरलाल अग्रवाल, सुनील कुमार डोंगरे, विनोद कुमार जैन, संजीव सारस्वत, वीवी श्रीधर, राज कुमार भूआर्य, दयावीर मिश्रा, ओंकार प्रसाद कौमिक, राम लाल, उमा शनार, श्री मोहम्मद असलम खान, पी आर सजुमोन, लूसिया शर्मा, पंच बाई, दत्ता, हीरामणि साहू, सुसम अब्राहम, उत्तम भाई पटेल, नारायण लोवंशी, उर्मिला जावेद खान, श्री पी मनोज कुमार, ए के बंजारा, मुकुंद दास मानिकपुरी, गोपाल कृष्ण वर्मा, विद्याचरण लहरे, नागराजू, सरत, विनोद नायर, नीरज बाली, लल्लन सिंह, बलराम शुक्ल एवं विजय बहादुर शामिल हैं।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### केंद्र सरकार ने की पद्म पुरस्कारों की घोषणा

**रायपुर।** केंद्र सरकार ने पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दिया है। इस बार छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के गोंड मुरिया जनजाति के जाने-माने कलाकार पंडी राम मंडावी को भी पद्मश्री पुरस्कारों की सूची में शामिल किया गया है। पारंपरिक वाद्ययंत्र निर्माण और लकड़ी की शिल्पकला के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पंडी राम मंडावी को पद्मश्री से नवाजा जाएगा।

आपको बता दें कि 67 वर्षीय पंडी राम मंडावी की विशेष पहचान बांस की बस्तर बांसुरी, जिसे 'सुलुर' कहा जाता है, के निर्माण में है। इसके अलावा, उन्होंने लकड़ी के पैनलों पर उभरे हुए चित्र, मूर्तियां और अन्य शिल्पकृतियों के माध्यम से अपनी कला को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। पंडी राम मंडावी ने मात्र 12 वर्ष की आयु में अपने पूर्वजों से यह कला सीखी और अपने समर्पण व कौशल के दम पर छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सिर्फ इतना ही नहीं एक सांस्कृतिक दूत के रूप में उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन 8 से अधिक देशों में किया है। साथ ही, अपने कार्यशाला के जरिए 1,000 से अधिक कारीगरों को प्रशिक्षण देकर इस परंपरा को नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य किया है।

### यातायात पुलिस ने वाहन चालकों व लोगों को दी नियमों की जानकारी

**धमतरी।** सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 35 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री मोनिका मरावी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा माह के पच्चीसवें दिवस शहर के हृदय स्थल घड़ी चौक में यातायात पुलिस सउनि. चन्द्रशेखर देवांगन, प्रआर. दौलत मरकाम, ठाकुर राम सिन्हा, आर.गणपत डिंडालकर के द्वारा आवागमन करने वाले वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देकर रांग साईड नही चलने, तीन सवारी नही चलने, रेड सिग्नल जलने पर स्टाप लाईन के पीछे खड़े होने, लेफ्ट टर्न फ्री रखने, दोपहिया में सफर के दौरान हेलमेट पहनने, चारपहिया में सफर के दौरान अनिवार्य रूप से सीटबेल्ट लगाने, शराब सेवन कर वाहन नही चलाने, बिना लायसेंस के वाहन नही चलाने, हमेशा यातायात नियमों का पालन करने बताकर, यातायात नियमों से युक्त पॉम्पलेट वितरण किया गया।

थाना केरेगॉव पुलिस प्रआर. शिवसिंह भदौरिया,आर. जितेन्द्र,राजू भारद्वाज के द्वारा ग्राम हितली के मंडई कार्यक्रम में पहुंचकर मंडई घुमने आये ग्रामीणजन को यातायात नियमों के जानकारी देते हुए बताया कि हमेशा मार्ग के बांये ओर चलें, असावधानीपूर्वक ओवरटेकिंग नही करने, तेजगति से वाहन नही चलाने, सुरक्षा उपकरण हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग करने, वाहन चालन के दौरान मोबाईल फोन का प्रयोग नही करने, मालयान में सवारी नही बैठाने, रांग साईड वाहन नही चलाने आदि नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटना से बची जा सकती है, बताकर यातायात नियमों का पालन करने बताया गया।

# हरसंभव फाउंडेशन ने किया भव्य रूप से हल्दी कुमकुम का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** महिलाओं के लिए कार्य करने वाली तथा महिलाओं के द्वारा संचालित एवं महिलाओं के क्षेत्र में अग्रणी प्रदेश की जानीमानी संस्था हर संभव फाऊंडेशन रायपुर द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सामूहिक रूप से हल्दी कुमकुम का एक भव्य कार्यक्रम एक निजी गार्डन में आयोजित किया गया। इस आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में *दीप्ति दुबे जी* मौजूद रही। पुष्पलता त्रिपाठी संस्थापक अध्यक्ष ने कहा कि हल्दी-कुमकुम सनातनी संस्कृति में अखंड सौभाग्य का प्रतीक है। हल्दी-कुमकुम से सौभाग्य में वृद्धि होती है। मकर संक्रांति माघ महिने से इस पर्व की शुरुआत होती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को परंपरा निभाने के साथ ही एक दूसरे को जानने और समझने का मौका भी मिलता है। श्रीमती दिप्ती दुबे ने कहा कि मेलजोल बढ़ने से नए विचार और नई ऊर्जा का संचार होता है। इस तरह के आयोजनों से सामाजिक एकता बढ़ती है।

हल्दी कुमकुम कार्यक्रम की आयोजक संस्था हर संभव फाउंडेशन की संरक्षक सीमा छाबड़ा ने बताया कि हर संभव फाउंडेशन के द्वारा विगत कई वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। इस बार के कार्यक्रम में महिलाओं को एकत्रित एवं संगठित कर सभी महिलाओं को सिंदूर का तिलक, टीका, हल्दी कुमकुम, चावल एवं पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया गया। पूनम शुक्ला ने बताया कि इसके अलावा सभी महिलाओं को तिल के लड्डू ,चॉकलेट फूड पैकेट, खाद्य पदार्थ, इत्र लगाकर सुहाग सामग्री, गृह उपयोगी सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की गई। प्रीति मिश्रा सचिव ने बताया कि हल्दी कुमकुम कार्यक्रम को और रोमांचकारी बनाने के लिए महिलाओं को कई प्रकार के खेल खिलवाया गया। प्रतियोगिता समापन के बाद सभी विजेता महिला प्रतिभागियों को पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। इस कार्य में हर संभव फाऊंडेशन की समस्त महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सदस्यों के अलावा भारी संख्या में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।

इस अवसर पर हर संभव फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता त्रिपाठी सीमा छाबड़ा संरक्षक, प्रो.सुनीता चंदसोरिया, सोनल शर्मा, वीणा रावत पूनम शुक्ला, डॉ प्रीति उपाध्याय, प्रीति मिश्रा, ममता गुप्ता, रेवती सिंह, प्रेमलता त्रिवेदी, भारती शर्मा, तृप्ति सक्सेना, श्वेता घुड़ुई, नीता थापा, दीपाली दुबे, नीलू कविता राधा रानी पिंकी उज्ज्वल गीत वर्षा शीतल बिंदिया रागिनी आदि सभी के उपस्थित में यह भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया।

# मरीन ड्राइव को किया अतिक्रमण मुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** लगातार चौथे दिन रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम और जिला पुलिस प्रशासन, यातायात विभाग द्वारा संयुक्त अभियान राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मुख्य मार्गोड्ड एवं बाजार क्षेत्रों में जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने, शिक्षण संस्थाओं के पास नशे के सामानों का विक्रय किये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने एवं कतिपय असामाजिक गतिविधियों पर नगर हित में प्रक्रिया के अंतर्गत नियमानुकूल कड़ाई के साथ कारगर अंकुश लगाने को दृष्टिगत रखकर अभियान जारी रखा गया है।


इस क्रम में जनहित में जनसुविधा हेतु नगर वासियों को सुगम यातायात देने अभियान लगातार चौथे दिन डीएसपी सतीश ठाकुर, रायपुर नगर पालिक निगम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस , सहायक अभियंता नरेश साहू, सहायक अभियंता नगर निवेश विभाग आशुतोष सिंह, जोन 3 नगर निवेश विभाग उप अभियंता अक्षय भारद्वाज, रंजीत बारवा सहित नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग और जोन 3 नगर निवेश विभाग के अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में चलाया गया। राजधानी शहर रायपुर में तेलीबाँधा तालाब मरीन ड्राइव क्षेत्र को अभियान चलाकर नगर निगम मुख्यालय के नगर निवेश विभाग के उड़न दस्ता की टीम और नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग की टीम ने रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग के सहयोग से अतिक्रमण से मुक्त करवाया। इस दौरान लगभग 20 से अधिक स्थानों पर अतिक्रमण तेलीबाँधा तालाब मरीन ड्राइव क्षेत्र से हटाए गए और नागरिकों को सुगम यातायात सुगम देने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुए राहत दिलवाई गयी। टीम प्रहरी का जनहितकारी अभियान जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से नागरिकों को सुगम यातायात उपलब्ध करवाने आगे भी सतत जारी रहेगा।

### आयुक्त ने निर्माणाधीन श्वान आश्रय केन्द्र की प्रगति का निरीक्षण किया

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 8 के क्षेत्र सोनडोंगरी में नगर निगम द्वारा निर्माणाधीन श्वान आश्रय केन्द्र के निर्माण कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन निगम अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन 8 जोन कमिश्नर ए। के। हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

श्वान आश्रय केन्द्र में बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त 60 श्वानों को रखने की एवं डे केयर सम्बंधित पूर्व प्रस्तावित कार्य के तहत 10 श्वानों को एनजीओ के सहयोग से सुरक्षा एवं समुचित देखभाल हेतु रखे जाने की व्यवस्था दी जा रही है, जो श्वान पालतू होंगे एवं उनके मालिक रायपुर से बाहर कुछ दिन जाने हेतु अपने पालतू श्वानों को देखभाल हेतु श्वान आश्रय केन्द्र में उसके प्रारम्भ होने के पश्चात छोड़ सकेंगे, यह कार्य नगर निगम रायपुर द्वारा एनजीओ के माध्यम से किया जाना पूर्व प्रस्तावित है। श्वान आश्रय केन्द्र सोनडोंगरी में इस व्यवस्था को देने 70 कैनल बनाये जा रहे हैं। पशु चिकित्सकों हेतु ऑपरेशन थिएटर, चेम्बर रूम आदि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयुक्त ने पूर्व स्वीकृति के अनुसार सभी कार्यों को शीघ्रता से सतत मॉनिटरिंग करते हुए शत-प्रतिशत पूर्ण करवाने के निर्देश जोन कमिश्नर एवं कार्यपालन अभियंता को दिए हैं। आयुक्त ने जोन 8 क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर रिक्त एवं वर्तमान में अनुपयोगी पड़ी शासकीय भूमियों का अवलोकन किया एवं इस सम्बन्ध में अधिकारियों को उक्त रिक्त शासकीय भूमियों को उपयोगी बनाने के सम्बन्ध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए हैं।

# नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए व्यय प्रेक्षकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के निर्देश एवं सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में आगामी नगरीय निकाय चुनाव 2025 की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय प्रेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया । यह प्रशिक्षण आयोग के नवा रायपुर, अटल नगर स्थित कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुआ। इस सत्र में निर्वाचन हेतु नियुक्त सभी व्यय प्रेक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि व्यय प्रेक्षक निर्वाचन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्हें यह सुनिश्चित करना होता है कि चुनावी गतिविधियों में निर्धारित सीमा से अधिक व्यय न हो और सभी खर्चों का विवरण नियमों के अनुरूप प्रस्तुत किया जाये।

प्रशिक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षकों को उनके दायित्वों और कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्य रूप से उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर निगरानी, व्यय सीमा का पालन सुनिश्चित करना, और पारदर्शिता बनाए रखना इस प्रशिक्षण का केंद्र बिंदु था।

प्रशिक्षण में बताया गया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार पांच लाख से अधिक की जनसंख्या वाले नगर निगम में महापौर हेतु अधिकतम 25 लाख रुपये, तीन से पांच लाख जनसंख्या वाले नगर निगम में महापौर हेतु अधिकतम 20 लाख रुपये एवं तीन लाख से कम जनसंख्या होने पर अधिकतम 15 लाख रूपये खर्च की जा सकती है। इसी प्रकार पचास हजार और उससे अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिका के अध्यक्ष के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये तथा पचास हजार के कम जनसंख्या वाले क्षेत्रों के लिए अधिकतम 8 लाख रुपये खर्च की जा सकती है तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष हेतु सभी के लिए अधिकतम व्यय की सीमा 6 लाख रुपये खर्च की जा सकती है। इस अवसर पर आयोग की उप सचिव डॉ. नेहा कपूर एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। आयोग के मास्टर ट्रेनर राकेश डेंढ़गवें ने प्रशिक्षण दिया।

# कलेक्टोरेट में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से दर्ज हो रही उपस्थिति

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** अब राजधानी कलेक्टोरेट में नई तस्वीर सामने आ रही हैं। यहां कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारी सुबह 10 बजे पहुंच कर बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से अपनी आने की उपस्थिति दर्ज करा रहें हैं, वहीं शाम 5:30 बजे के बाद अपनी कार्यालय छोडने की जानकारी दे रहें है। जिनके पास एंड्रॉइड और आईओएस मोबाईल है, वे इसके एप को डाउनलोड किए हुए है और मोबाईल के सामने सेल्फी कैमरे से फेस रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी के माध्यम से तस्वीर लेकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करा रहे हैं। यह सिस्टम प्रथम श्रेणी अधिकारी से लेकर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी अपना रहे हैं। साथ ही की-पैड मोबाईल वाले कर्मचारियों के लिए थंब बायोमेट्रिक डिवाइस की व्यवस्था अधीक्षक कार्यालय में की गई है। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश पर यह प्रणाली 22 जनवरी से प्रभावी है।

इस बायोमैट्रिक प्रणाली का मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में कार्यकुशलता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। इससे कर्मचारियों की उपस्थिति का सही आंकलन हो सकेगा और कार्यों की समयबद्धता तथा गुणवत्ता में भी सुधार होगा। यह प्रणाली पारदर्शिता को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगी। साथ ही यह प्रणाली डिजिटल भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी होगा। । अधिकारी कर्मचारी सुबह 10 बजे अपने टेबल पर उपस्थित हो रहे हैं और प्रतिदिन आम जनता को उपलब्ध होकर उनके कार्यों और समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास कर रहें हैं। इस प्रणाली को कलेक्टोरेट में सुचारू रूप से लागू होने के बाद अन्य कार्यालयों में क्रमिक रूप से लागू किया जाएगा।

गौरतलब है कि एंड्रॉइड और आईओएस वाले मोबाईल अधिकारी एवं कर्मचारी मोबाईल एप इस्टांल कर हाजिरी दर्ज कर रहे है और की-पैड मोबाइल धारक बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से अपनी उपस्थिति दे रहे हैं।

# आईसीएआई रायपुर ब्रांच का नया प्रबंधन समिति गठित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की रायपुर शाखा ने अपनी नई प्रबंधन समिति का गठन करते हुए अगले सत्र के लिए एक नई शुरुआत की है। इस अवसर पर समिति के सदस्यों के नाम घोषित किए गए, जो अपनी कुशलता, अनुभव और प्रतिबद्धता से शाखा और पेशे को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। नवनिर्वाचित प्रबंधन समिति में सीए ऋषिकेश यादव, सीए विकास गोलछा, सीए संस्कार अग्रवाल, सीए रश्मि वर्मा, सीए रवि जैन, सीए आयुषी गर्ग तथा सीए शीतल काला शामिल है। नई प्रबंधन समिति के गठन के साथ आईसीएआई रायपुर ब्रांच ने यह संकल्प लिया है कि आने वाले समय में चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे के विकास और सदस्यों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

चुनाव अधिकारी सीए किशोर बरडिया ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए बधाई, मुझे विश्वास है कि आप अपने नेतृत्व और दूरदृष्टि से आईसीएआई रायपुर ब्रांच को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे और सदस्यों के हित में प्रभावी कार्य करेंगे। काउंटिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए दिल्ली और कानपुर से ढ्ढष्टस्नढ्ढ के वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से रायपुर आए। उनकी उपस्थिति ने चुनाव प्रक्रिया को और भी विश्वसनीय और गरिमापूर्ण बना दिया।

# बिजली कर्मियों की जीवटता से हो रही निर्बाध आपूर्ति-भीम सिंह

श्रीकंचनपथ न्यूज

### उल्लेखनीय कार्य करने वाले बिजली कर्मी हुए सम्मानित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के उत्कृष्ट कार्य करने वाले मैदानी एवं कार्यालयीन कार्मिकों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। विपरित परिस्थितियों में भी लगन एवं धैर्य से कार्य करते हुए उपभोक्ता सेवा में लगे रहने वाले प्रदेशभर के दस श्रम साधक कार्मिकों को प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भीम सिंह ने कहा है कि मैदानी कर्मचारियों की जीवटता से ही संभव है कि हम 64 लाख उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली निर्बाध आपूर्ति कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गम भौगोलिक स्थितियों और प्रतिकूल मौसम के बावजूद विदयुत कर्मी दिन ङ्करात कार्य करते हैं, वे खतरों के बीच कार्य करते हुए उपभोक्ता हित को सर्वोपरि रखते हैं। इनकी मेहनत के कारण हमारा छत्तीसगढ़ अन्य प्रदेशों से बेहतर विद्युत सेवा प्रदान कर पा रहा है।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित कार्मिकों में श्रीमती विनिता साहू, सहायक अभियंता (संचारण एवं संधारण) रायपुर, रतिराम गावड़े,अनुभाग अधिकारी (वित्त),रायपुर, प्रशांत कुमार साहू, सहायक अभियंता (ईआईटीसी), रायपुर, आलोक कुमार साहू, कार्यालय सहायक (मानव संसाधन), रायपुर, अश्विनी मरकाम, लाईन परिचारक (नरहरपुर) कांकेर, राकेश कुमार अरोरा,कार्यपालन अभियंता, सरायपाली , मुरारी श्रीहरि, कार्यपालन अभियंता, अटलनगर, संतोष कुमार साहू, लाईन परिचारक, खरसिया, कमलेश सिंह नेताम,सहायक अभियंता, चांपा एवं कर्णराज गहलोत , लाइन सहायक,रायगढ़ शामिल हैं। इस मौके पर लेखा प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कार्यालय सहायक (वित्त) श्रीमती रूचि देवांगन, रायपुर को भी प्रबंध निदेशक ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह में कार्यपालक निदेशक व्ही के साय, आर ए पाठक, जे एस नेताम, ए के धर, आलोक सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एस के गजपाल, मुख्यअभियंता एम जामुलकर, रामायण नामदेव, एम बड़गैय्या समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।












# बनारसी साड़ी पहन मृणाल ने दिखाई दिलकश अदाएं, शोख अदाओं पर दिल हार गए फैंस

**बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोशूट की बेहद ही ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।**



एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट की गई तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने पर्पल कलर की फ्लोरल लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

कानों में इयररिंग्स, हाथों में कंगन, माथे पर बिंदी, बालों का जुड़ा बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।


बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- आप कितनी सुंदर हैं। तीसरे यूजर ने लिखा है- बोल्ड एंड ब्यूटिफुल।

# 90 सेकेंड की प्रेम कहानियों का डिजिटल की दुनिया में नया धमाका

## अर्शी भारती की अदाओं ने जीते दिल

अभिनेत्री अर्शी भारती इन दिनों ओटीटी की नई सेंसेशन हैं। इसकी वजह है ओटीटी का वह प्रयोग जिसमें एफएम चैनलों की तरह कहानी को 90 सेकंड में कहने का जोर पकड़ रहा है। अर्शी भारती ने जब से अपने सोशल मीडिया पर अपनी डेब्यू सीरीज 'दिल तू जान तू' का ट्रेलर साझा किया है, इस नए विचार की पूरे मुंबई मनोरंजन जगत में चर्चाएं हो रही हैं। वर्टिकल फॉर्मेट में बनी इस सीरीज से ही अर्शी का ओटीटी डेब्यू हो रहा है।



छोटे परदे पर अर्शी भारती खूब कमाल दिखा चुकी हैं। व्हिसलिंग वूड्स इंटरनेशनल से निकलने के बाद अर्शी ने किशोर नमित कपूर के यहां से भी एक्टिंग का डिप्लोमा कोर्स किया और अपने पहले ही मौके में वह दर्शकों को आकर्षित करने में कामयाब रहीं। अर्शी को पहला मौका निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की फिल्म 'पानीपत' में कैमरे के सामने पहला ब्रेक मिला। इस फिल्म में वह कृति सैनन की सखी बनी हैं। और, इसके बाद जब वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दिखीं तो लोग बस उन्हें देखते ही रह गए।

अर्शी बताती हैं, 'मैंने सोनी टीवी का शो 'बरसातें प्यार का' किया तो मेरे पास बहुत सारे फोन आए। इसमें मैंने शिवांगी जोशी की दोस्त का किरदार निभाया है। अभिनय और किरदार का रोमांच मुझे एक और स्तर ऊपर ले गया स्टार प्लस के शो 'रब राखा' में जिसमें मुझे एक को पायलट का किरदार करने का मौका मिला।' अर्शी आवाज की दुनिया में भी अच्छी पहचान बना रही है और उनकी आवाज कई ओटीटी सीरीज और फिल्मों में बतौर वॉयस आर्टिस्ट सुनाई देने लगी है।

वेब सीरीज 'दिल तू जान तू' का जिक्र चलने पर वह बताती हैं, 'ये मेरी पहली ओटीटी सीरीज है। मान सकते हैं कि ये मेरा ओटीटी डेब्यू है। लेकिन, उससे भी बड़ी बात ये है कि ये देश में ओटीटी पर वर्टिकल सीरीज और सिर्फ डेढ़ मिनट यानी 90 सेकेंड में कहानी कहने की परंपरा को मजबूती दे रही है। इसके पहले नौ एपिसोड ओटीटी रीलीज पर जारी हो चुके हैं, अगले नौ एपिसोड अगले हफ्ते रिलीज होने वाले हैं।'



आमतौर पर ओटीटी पर दिखने वाली कहानियां क्षैतिजाकार (हॉरिजॉन्टल) तरीके से शूट की जाती है यानी कि वीडियो देखने के लिए मोबाइल को घुमाकर पकड़ना होता है। पर अब अमेरिका में कुछ ऐसे ओटीटी की खूब धूम मची है जिनमें वीडियो उर्ध्वाकार (वर्टिकल) तरीके से शूट किए जा रहे हैं। रीलीज ओटीटी की पहचान इन्हीं वर्टिकल वीडियो सीरीज के चलते बनती दिख रही है। इसमें एपिसोड भी छोटे छोटे रखे जा रहे हैं।

# अब पाकिस्तानी दूल्हा लाएंगी राखी सावंत, तीसरी शादी: इस देश में मनाएंगी हनीमून

**एक्ट्रेस राखी सावंत जल्द ही तीसरी शादी करने वाली हैं वो भी पाकिस्तानी शख्स से। आदिल खान दुर्रानी से अलग होने के बाद राखी को पाकिस्तानी एक्टर में अपना प्यार मिला। एक्ट्रेस ने एक हालिया इंटरव्यू में अपनी तीसरी शादी से लेकर हनीमून तक के बारे में खुलकर बात की है। जानिए राखी के तीसरे पति कौन है?**

बी-टाउन की ड्रामा क्वीन राखी सावंत एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर हेडलाइंस में छा गई हैं। इस बार वह सिर्फ भारत नहीं बल्कि पाकिस्तान में भी चर्चा का विषय बन गई हैं। रितेश सिंह और आदिल खान दुर्रानी के बाद राखी तीसरी शादी करने जा रही हैं, वो भी पाकिस्तानी एक्टर के साथ। हाल ही में, राखी सावंत पाकिस्तान गई थीं, जहां उन्होंने एक इवेंट में हिस्सा लिया था। पाकिस्तान से राखी की तस्वीरें और वीडियोज खूब वायरल हुई थीं। यूं तो राखी पाकिस्तान में एक इवेंट के लिए गई थीं, लेकिन अब उन्हें एक दूल्हा भी मिल गया है। जी हां, अभिनेत्री तीसरी शादी करने जा रही हैं। इसका खुलासा उन्होंने एक हालिया इंटरव्यू में किया है।

### राखी सावंत को मिले शादी के प्रपोजल

राखी सावंत ने पाकिस्तानी शख्स डोडी खान के साथ तीसरा निकाह करने का एलान किया है। उन्होंने शादी से लेकर हनीमून तक का प्लान बताया है। ईटाइम्स के साथ बातचीत में राखी ने कहा, मुझे बहुत से प्रपोजल मिल रहे हैं। जब मैं पाकिस्तान गई तो उन्होंने देखा कि मेरी पिछली शादियों में मुझे किस तरह से परेशान किया गया था। मैं निश्चित रूप से एक प्रपोजल को चुनूंगी।

### इस देश में मनाएंगी हनीमून

मैं हूं ना एक्ट्रेस राखी सावंत ने आगे अपनी शादी के प्लान के बारे में कहा, भारतीय और पाकिस्तानी एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते। मुझे पाकिस्तानी लोग बहुत पसंद हैं और वहां मेरे बहुत से फैंस हैं। इस्लामिक रीति-रिवाज के साथ शादी पाकिस्तान में होगी। रिसेप्शन भारत में होगा और हम हनीमून के लिए स्विट्जरलैंड या फिर नीदरलैंड जाएंगे। राखी ने यह भी बताया कि वह और डोडी शादी के बाद दुबई में सेटल हो जाएंगे।

### कौन हैं राखी सावंत के होने वाले पति?

राखी सावंत को जिसने पाकिस्तान में प्रपोज किया है, वो शख्स डोडी खान हैं। डोडी के इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर नजर डालें तो वह पेशे से एक्टर और प्रोड्यूसर हैं। उन्होंने खुद को फिटनेस फ्रीक भी बताया है। इंस्टाग्राम पर उन्हें 22 हजार लोग फॉलो करते हैं। डोडी से पहले राखी ने दो शादियां की थीं। पहली शादी रितेश और दूसरी शादी आदिल खान से की थी। राखी का दावा है कि आदिल से निकाह के बाद उन्होंने इस्लाम धर्म अपना लिया था।

# औरंगजेब बन फिर दहशत फैलाने आए बॉबी देओल

**पवन कल्याण अभिनीत हरि हर वीरा मल्लू के निर्माताओं ने बॉबी देओल के 56वें जन्मदिन के खास मौके पर उनका एक स्पेशल बर्थडे पोस्टर जारी किया। इस फिल्म में बॉबी देओल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। आखिरकार अभिनेता के इस खास दिन पर उनकी पहली झलक जारी कर दी गई है, जिसमें बॉबी दमदार लुक में नजर आ रही हैं।**

हरि हर वीरा मल्लू से जारी किए गए पोस्टर में बॉबी देओल एक सम्राट के रूप में एक गहन और शाही लुक में दिखाई दे रहे हैं, जिससे प्रशंसकों को पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित पीरियड ड्रामा में उनकी भूमिका की एक झलक मिल रही है। एक्स पर पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, अतुलनीय, मैग्नेटिक स्क्रीन उपस्थिति वाले व्यक्ति बॉबी देओल को टीम हरि हर वीरा मल्लू की ओर से जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

पोस्टर में बॉबी देओल को काले रंग की आकर्षक पोशाक में तलवार पकड़े हुए दिखाया गया है, जो उनके किरदार की भयावहता को बखूबी दर्शाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह फिल्म में मुगल बादशाह औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं। बॉबी देओल ने हाल ही में डाकू महाराज के जरिए अपना तेलुगु डेब्यू किया, जहां उन्होंने नंदामुरी बालकृष्ण, उर्वशी रौतेला और प्रज्ञा जायसवाल के साथ अभिनय किया। बॉबी कोली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में देओल ने दमदार भूमिका निभाई। अब, हरि हर वीरा मल्लू में औरंगजेब की भूमिका के साथ वह पवन कल्याण के साथ स्क्रीन साझा करने के लिए तैयार हैं।

इस बीच, हरि हर वीरा मल्लू का पहला सिंगल माता विनाली पहले ही धूम मचा चुका है। पवन कल्याण द्वारा गाया गया और ऑस्कर विजेता संगीत निर्देशक एमएम कीरवानी द्वारा रचित यह गाना लोगों को खूब पसंद आया। कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 17वीं शताब्दी में सेट की गई है और उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने वाले एक डाकू की कहानी बताती है। इसमें पवन कल्याण, बॉबी देओल, निधि अग्रवाल, नरगिस फाखरी और नोरा फतेही मुख्य भूमिका में हैं। विजय डोंकडा द्वारा निर्मित, हरि हर वीरा मल्लू 28 मार्च, 2025 को एक भव्य वैश्विक रिलीज के लिए तैयार है।




# देवोलीना भट्टाचार्जी ने रिवील किया बेटे का नाम

**देवोलीना भट्टाचार्जी ने 18 दिसंबर को एक बेटे को जन्म दिया था। अब देवोलीना को मां बने एक महीने से ज्यादा हो गया है और एक्ट्रेस ने बेटे का नाम रिवील कर दिया है। टीवी की गोपी बहू यानी देवोलीना भट्टाचार्जी पिछले महीने ही पहली बार मां बनी हैं। उन्होंने 18 दिसंबर को एक बेटे को जन्म दिया था। अब देवोलीना को मां बने एक महीने से ज्यादा हो गया है और एक्ट्रेस ने बेटे का नाम रिवील कर दिया है।**

देवोलीना भट्टाचार्जी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लाडले के साथ अपनी कुछ फेटोज शेयर की है। इस दौरान उनके पति शहनवाज शेख भी उनके साथ दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में एक्ट्रेस ने अपने बेटे के नाम का खुलासा किया है। देवोलीना और



शहनवाज ने अपने बेटे का नाम 'जॉय'' रखा है।

### 'हमारी खुशियों का भंडार'

पोस्ट में देवोलीना रेड कलर के फ्लोरल प्रिंटेड सूट और सिल्वर झूमके पहने नजर आ रही हैं। इस दौरान उनके माथे पर चंदन लगा दिख रहा है और उन्होंने अपने बेटे जॉय को गोद में लिया हुआ है। वहीं पति शहनवाज भी उनके साथ पोज दे रहे हैं। फोटोज के साथ कैप्शन में देवोलीना ने लिखा- 'जब हम अपने परिवार के सबसे नए सदस्य का वेलकम करते हैं तो हमारा दिल उमड़ पड़ता है। 'जॉय' से मिलें, हमारी खुशियों का भंडार।'

### क्या है 'जॉय' नाम का मतलब?

'जॉय' एक इंग्लिश लैंग्वेज का शब्द है जिसका मतलब आनंद या खुशी है। देवोलीना के बेटे का नाम रिवील होने पर फैंस साथ निभाना साथिया एक्ट्रेस को भर-भरकर बधाईयां दे रहे हैं। बता दें कि देवोलीना भट्टाचार्जी ने साल 2022 में अपने जिम ट्रेनर शहनवाज शेख से लोनावला में गुपचुप शादी रचाई थी। इससे पहले कपल दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहा था।

# नाक की एलर्जी का किन लोगों को है सबसे ज्यादा रहता खतरा?

### लक्षण दिखते ही हो जाएं सावधान

बदलते मौसम में कई लोगों को अस्थमा, सीओपीडी और ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। दिन में धूप और रात में ठंड होने से कई लोगों को जुकाम-खांसी हो जाती है। वहीं कई लोग नाक की एलर्जी से परेशान रहते हैं। इन्हें बार-बार छींक आना और साइनस जैसी परेशानी होने लगती हैं। आमतौर पर माना जाता है कि यह एलर्जी किसी को भी हो सकती है, लेकिन ऐसा नहीं है। कुछ लोगों को ये दिक्कत ज्यादा होती है। नाक की एलर्जी का किन लोगों को सबसे ज्यादा खतरा रहता है? आइए जानते हैं इसके बारे में।

### नाक की एलर्जी का रिस्क किसको ज्यादा?

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार हर व्यक्ति के शरीर में माइक्रोबायोम होता है। जिन लोगों में ये बिगड़ जाता है तो इससे नाक की एलर्जी होने का रिस्क ज्यादा होता है। माइक्रोबायोम और एलर्जी का संबंध यह है कि शरीर में माइक्रोबायोम का असंतुलन होने से माइक्रोबायोम में अच्छे और बुरे बैक्टीरिया का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है और इंफेक्शन का रिस्क बढ़ जाता है।



### नाक की एलर्जी होने पर दिखते हैं ये लक्षण

नाक की एलर्जी होने पर लोगों को छींक आना शुरू हो जाता है। नाक बंद हो जाती है। आंखों में जलन और लालिमा होती है। नाक से पानी बहना शुरू हो जाता है। सिरदर्द और सांस संबंधी परेशानियां होने लगती हैं।

### नाक की एलर्जी होने पर एंटीबायोटिक लेना चाहिए या सही

कुछ लोग नाक की हल्की एलर्जी होने पर भी एंटीबायोटिक की दवा खा लेते हैं, लेकिन ये सही है या नहीं ? एक्सपर्ट के मुताबिक इस तरह एंटीबायोटिक दवा लेना सेहत के लिए अच्छी नहीं है। ज्यादा एंटीबायोटिक खाने से शरीर में एंटीबायोटिक रजिस्टेंस हो सकता है।

### नाक की एलर्जी से बचने के लिए क्या करें ?

खुद से एलर्जी की दवा न लें।
नियमित रूप से नाक की सफाई करें।
बाहर जाते समय मास्क लगाएं।
एलर्जी की जांच करें और डॉक्टर की सलाह लें
माइक्रोबायोम की जांच करें और डॉक्टर की सलाह लें।

# 'दंगल गर्ल' सना शेख ने शेयर किया कास्टिंग काउच का किस्सा

## साउथ फिल्म का मिला था ऑफर

**एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने आमिर खान की फिल्म दंगल से अपनी पहचान बनाई थी। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, खासकर कास्टिंग काउच का। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि कुछ कास्टिंग डायरेक्टर्स नए एक्टर्स से उनकी कमाई का एक हिस्सा मांगते थे।**



बॉलीवुड बबल से बातचीत में फातिमा सना शेख ने कहा, 'मुझे एक साउथ इंडियन फिल्म के लिए कॉल आया था। कास्टिंग एजेंट ने मुझे असहज महसूस कराया। उसने मुझसे पूछा था कि तुम सब कुछ करने के लिए तैयार रहोगी न? मैंने जवाब दिया कि मैं मेहनत करूंगी और रोल के लिए जो भी जरूरी होगा, वो करूंगी। लेकिन वह बार-बार वही सवाल पूछता रहा। हालांकि, मैंने जानबूझकर उसका जवाब नहीं दिया, ताकि देख सकूं कि वह कितनी दूर जा सकता है।'

फातिमा की मानें तो शुरुआती दौर में उन्हें लगता था कि अगर वे साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम कर लें, तो बॉलीवुड में उनके लिए रास्ता खुल जाएगा। इसी उम्मीद में वो एक फिल्म के लिए ऑडिशन देने गई थीं। सभी लोग एक कमरे में थे और निर्माता इशारों में कह रहे थे कि आपको कुछ लोगों से मिलना होगा। वे सीधे तौर पर कुछ नहीं कहते थे, लेकिन उनका मतलब साफ था। हालांकि, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि हर कोई ऐसा नहीं होता।

इसके अलावा, फातिमा ने बताया कि हर स्टूडियो में ऑडिशन देने की अलग-अलग प्रक्रिया होती थी। इन स्टूडियो में आने वाले कास्टिंग डायरेक्टर्स एक्टर्स को एड और कर्मशियल्स से मिलने वाले पैसे पर भी हक जताते थे। कई दफा तो डायरेक्टर्स कमाई का हिस्सा पहले ही ले लेते थे।

# ओडिशा में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं: प्रधानमंत्री

## भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास के पथ पर अग्रसर है : पीएम

**ओडिशा (पीआईबी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 और मेक इन ओडिशा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जनवरी 2025 में यह उनकी ओडिशा की दूसरी यात्रा है। उन्होंने प्रवासी भारतीय दिवस 2025 कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए अपनी यात्रा को याद किया। ओडिशा में आजतक के सबसे बड़े व्यापार सम्मेलन को देखते हुए श्री मोदी ने कहा कि मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 में लगभग 5-6 गुना अधिक निवेशक भाग ले रहे हैं। उन्होंने इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए ओडिशा के लोगों और सरकार को बधाई भी दी।**



प्रधानमंत्री ने कहा, पूर्वी भारत देश के विकास में एक विकास इंजन है और ओडिशा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि डेटा से यह भी पता चलता है कि जब भारत ने वैश्विक विकास में प्रमुख भूमिका निभाई थी, तब उसमें पूर्वी भारत का योगदान उल्लेखनीय था। श्री मोदी ने कहा कि पूर्वी भारत में बड़े औद्योगिक केंद्र, बंदरगाह, व्यापार केंद्र हैं और इसमें ओडिशा की भागीदारी उल्लेखनीय है। प्रधानमंत्री ने कहा, ओडिशा दक्षिण पूर्वी एशियाई व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करता था और बंदरगाह भारत का प्रवेश द्वार थे। उन्होंने कहा कि ओडिशा में आज भी बाली यात्रा मनाई जाती है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति की हाल की भारत यात्रा को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के शब्द कि उनके डीएनए में संभवत: ओडिशा के निशान हैं, बहुत सटीक हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि ओडिशा एक ऐसी विरासत का जश्न मनाता है जो इसे दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि ओडिशा ने अब 21वीं सदी में अपनी शानदार विरासत को पुनर्जीवित करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सिंगापुर के राष्ट्रपति ने हाल ही में ओडिशा का दौरा किया था और सिंगापुर ओडिशा के साथ अपने संबंधों को लेकर बहुत उत्साहित था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) देशों ने भी ओडिशा के साथ व्यापार और पारंपरिक संबंधों को मजबूत करने में रुचि दिखाई है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इस क्षेत्र में आजादी के बाद से पहले से कहीं अधिक अवसर खुले हैं। उन्होंने उपस्थित सभी निवेशकों से आह्वान किया कि ओडिशा की विकास यात्रा में निवेश करने का यह सही समय है और आश्वासन दिया कि उनका निवेश सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

श्री मोदी ने कहा, भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास के पथ पर अग्रसर है और इस बात पर उन्होंने जोर दिया कि एआई का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और भारत की आकांक्षा दोनों है, जो देश की ताकत है। उन्होंने कहा कि जब लोगों की ज़रूरतें पूरी होती हैं तो आकांक्षाएँ बढ़ती हैं और पिछले दशक ने करोड़ों नागरिकों को सशक्त बनाया है, जिससे देश को लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ओडिशा इस आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने ओडिशा को उत्कृष्ट बताया, जो नए भारत में आशावाद और मौलिकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ओडिशा के पास कई अवसर हैं और इसके लोगों ने हमेशा बेहतर प्रदर्शन करने का जुनून दिखाया है। गुजरात में ओडिशा के लोगों के कौशल, कड़ी मेहनत और ईमानदारी को देखने के अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ओडिशा में नए अवसर उभरने के साथ, राज्य जल्द ही विकास की अभूतपूर्व ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने ओडिशा के विकास को गति देने के प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी और उनकी टीम की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा खाद्य प्रसंस्करण, पेट्रोकेमिकल्स, बंदरगाह आधारित विकास, मत्स्य पालन, आईटी, एडुटेक, वस्त्र, पर्यटन, खनन और हरित ऊर्जा सहित विभिन्न उद्योगों में भारत के अग्रणी राज्यों में से एक बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का देश बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में, विनिर्माण के क्षेत्र में भारत की ताकत भी स्पष्ट हो गई है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की अर्थव्यवस्था का विस्तार दो प्रमुख स्तंभों पर टिका है: अभिनव सेवा क्षेत्र और गुणवत्ता वाले उत्पाद। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश की तेज प्रगति केवल कच्चे माल के निर्यात पर निर्भर नहीं हो सकती है और इसलिए, पूरे इको-सिस्टम को एक नए दृष्टिकोण के साथ बदला जा रहा है। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि भारत खनिजों को निकालने और उन्हें उत्पाद निर्माण और मूल्य संवर्धन के लिए विदेश भेजने की प्रवृत्ति को बदल रहा है, केवल उन उत्पादों को भारत वापस लाने के लिए। उन्होंने कहा कि इसी तरह अन्य देशों में प्रसंस्करण के लिए समुद्री खाद्य निर्यात करने की प्रवृत्ति को भी बदला जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि ओडिशा में संसाधनों से संबंधित उद्योग राज्य के भीतर स्थापित हों। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि उत्कर्ष ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 इस दृष्टि को साकार करने का एक साधन था।

यह टिप्पणी करते हुए कि दुनिया तेजी से संधारणीय जीवन शैली पर ध्यान केंद्रित कर रही है और हरित भविष्य की ओर बढ़ रही है। श्री मोदी ने कहा कि हरित नौकरियों की संभावना भी काफी बढ़ रही है। उन्होंने समय की मांगों और आवश्यकताओं के अनुकूल होने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत सौर, पवन, जलविद्युत और हरित हाइड्रोजन सहित हरित प्रौद्योगिकी और हरित भविष्य पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो विकसित भारत की ऊर्जा सुरक्षा को शक्ति प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि ओडिशा में इस संबंध में अपार संभावनाएं हैं और कहा कि देश ने राष्ट्रीय स्तर पर हरित हाइड्रोजन और सौर ऊर्जा मिशन शुरू किए हैं। श्री मोदी ने कहा कि ओडिशा में नवीकरणीय ऊर्जा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए जा रहे हैं और हाइड्रोजन ऊर्जा उत्पादन के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हरित ऊर्जा के साथ-साथ ओडिशा में पेट्रो और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र के विस्तार के लिए भी पहल की जा रही है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पारादीप और गोपालपुर में समर्पित औद्योगिक पार्क और निवेश क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं, जो इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश संभावनाओं को दर्शाता है। श्री मोदी ने ओडिशा सरकार को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तेजी से निर्णय लेने और एक नया इको-सिस्टम विकसित करने के लिए बधाई दी। श्री मोदी ने कहा, 21वीं सदी भारत के लिए कनेक्टेड इंफ्रास्ट्रक्चर और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी का युग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में जिस पैमाने और गति से विशेषीकृत बुनियादी ढांचों का विकास किया जा रहा है, वह देश को एक बेहतरीन निवेश गंतव्य बना रहा है। उन्होंने कहा कि समर्पित माल ढुलाई गलियारे पूर्वी और पश्चिमी तटरेखाओं को जोड़ रहे हैं, जिससे पहले भूमि से घिरे क्षेत्रों के लिए समुद्र तक तेजी से पहुंच उपलब्ध हो रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि देशभर में प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं वाले दर्जनों औद्योगिक शहरों का निर्माण किया जा रहा है। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि ओडिशा में भी इसी तरह के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं और राज्य में रेलवे और राजमार्ग नेटवर्क से संबंधित हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा में उद्योगों के लिए लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए सरकार बंदरगाहों को औद्योगिक समूहों से जोड़ रही है और उल्लेख किया कि मौजूदा बंदरगाहों का विस्तार और नए बंदरगाहों का निर्माण दोनों हो रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ओडिशा ब्लू इकोनॉमी के मामले में देश के शीर्ष राज्यों में से एक बनने के लिए तैयार है।

तेजी से बदलती दुनिया में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों को पहचानने का सभी से आग्रह करते हुए प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत खंडित और आयात-आधारित आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि वैश्विक उतार-चढ़ाव के प्रभाव को कम करने के लिए भारत के भीतर एक मजबूत आपूर्ति और मूल्य श्रृंखला बनाई जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह जिम्मेदारी सरकार और उद्योग दोनों की है। श्री मोदी ने उद्योगों से एमएसएमई और युवा स्टार्टअप का समर्थन करने का आह्वान किया और विकास के लिए अनुसंधान और नवाचार के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार देश में एक जीवंत रिसर्च इको-सिस्टम बना रही है, जिसमें इंटर्नशिप और कौशल विकास के लिए एक विशेष कोष और पैकेज है। उन्होंने उद्योगों को सरकार के साथ सक्रिय रूप से भाग लेने और सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक मजबूत रिसर्च इको-सिस्टम और कुशल युवा कार्यबल सीधे उद्योगों को लाभान्वित करेगा। श्री मोदी ने उद्योग भागीदारों और ओडिशा सरकार से ओडिशा की आकांक्षाओं के अनुरूप एक आधुनिक इको-सिस्टम बनाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया, जिससे युवाओं के लिए नए अवसर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि इससे ओडिशा के भीतर अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जिससे राज्य में समृद्धि, ताकत और प्रगति होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनियाभर के लोग भारत को समझने और सीखने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि ओडिशा भारत को समझने के लिए एक बेहतरीन जगह है, जहाँ हजारों साल पुरानी विरासत और इतिहास है। उन्होंने कहा कि यह राज्य आस्था, आध्यात्मिकता, जंगल, पहाड़ और समुद्र का अनूठा मिश्रण पेश करता है। श्री मोदी ने ओडिशा को विकास और विरासत का मॉडल बताया और कहा कि ओडिशा में जी-20 सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए और कोणार्क सूर्य मंदिर के चक्र को मुख्य कार्यक्रम का हिस्सा बनाया गया। उन्होंने ओडिशा की पर्यटन क्षमता का पता लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया, जहाँ 500 किलोमीटर की तटरेखा, 33 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र और इको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म की अनंत संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का ध्यान भारत में शादी और भारत में उपचार पर है और ओडिशा की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरण इन पहलों के लिए बहुत सहायक है।

भारत में सम्मेलन पर्यटन की महत्वपूर्ण संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में भारत मंडपम और यशोभूमि जैसे स्थल इस क्षेत्र के लिए प्रमुख केंद्र बन रहे हैं। उन्होंने कॉन्सर्ट अर्थव्यवस्था के उभरते क्षेत्र का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत में संगीत, नृत्य और कहानी कहने की समृद्ध विरासत और युवा संगीत कार्यक्रम देखने वालों की एक बड़ी संख्या के साथ कॉन्सर्ट अर्थव्यवस्था के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में, लाइव कार्यक्रमों की प्रवृत्ति और मांग में तेजी से वृद्धि हुई है। भारत में लाइव कॉन्सर्ट की संभावनाओं के प्रमाण के रूप में मुंबई और अहमदाबाद में हाल ही में आयोजित कोल्डप्ले कॉन्सर्ट की ओर इशारा करते हुए श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि प्रमुख वैश्विक कलाकार भारत की ओर आकर्षित हुए हैं और कॉन्सर्ट अर्थव्यवस्था पर्यटन को बढ़ावा देती है और कई नौकरियां पैदा करती है। उन्होंने राज्यों और निजी क्षेत्र से कॉन्सर्ट अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे और कौशल पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। इसमें इवेंट मैनेजमेंट, आर्टिस्ट ग्रूमिंग, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं, जहां नए अवसर उभर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि अगले महीने भारत पहली बार विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएवीईएस) की मेजबानी करेगा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह महत्वपूर्ण आयोजन दुनिया को भारत की रचनात्मक शक्ति दिखाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे आयोजन राजस्व उत्पन्न करते हैं और हमारी धारणाओं को आकार देते हैं, जिससे अर्थव्यवस्था की वृद्धि में योगदान मिलता है। उन्होंने कहा कि ओडिशा में ऐसे आयोजनों की मेजबानी करने की अपार संभावनाएं हैं।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, विकसित भारत के निर्माण में ओडिशा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि ओडिशा के लोगों ने एक समृद्ध राज्य बनाने का संकल्प लिया है और केंद्र सरकार इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने ओडिशा के प्रति अपना स्नेह व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लगभग 30 बार राज्य और इसके अधिकांश जिलों का दौरा किया है। उन्होंने ओडिशा की क्षमता और इसके लोगों पर अपने विश्वास पर जोर दिया। अपने संबोधन का समापन करते हुए, प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी भागीदारों द्वारा किए गए निवेश से उनके व्यवसाय और ओडिशा की प्रगति दोनों ही नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। उन्होंने इसमें शामिल सभी लोगों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

इस कार्यक्रम में ओडिशा के राज्यपाल डॉ. हरिबाबू कंभमपति, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा : नियमित हेलमेट पहनने वाले व्यक्तियों को किया जाएगा सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज




**नारायणपुर।** सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुधारने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। नियमित हेलमेट पहनने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कांजी हाऊस में पशुओं के लिए चारा पानी के व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग और मुख्य जिला मार्ग से जुड़े सभी महत्वपूर्ण जंक्शनों पर सुधार कार्य करने, दुर्घटनाजन्य स्थलों और खतरनाक मोड़ों पर सुरक्षा उपाय लागू करने, तथा घनी आबादी वाले शहरों और गांवों के चौक-चौराहों पर ट्रैफिक स्टॉपर्स एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए गए। आवारा पशुओं की समस्या पर नियंत्रण और मार्गों के किनारे बढ़ी हुई घास एवं झाड़ियों की सफाई का कार्य प्राथमिकता से करने की बात कही गई। बैठक में पुल-पुलियों के पास हेजर्ड मार्कर्स और सावधानी सूचक बोर्ड लगाकर यात्रियों को जागरूक करने की योजना पर चर्चा हुई। जिले के ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन और समाधान को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। अतिभारित ट्रकों और टूलरों पर निगरानी बढ़ाने, ट्रकों की बॉडी से बाहर निकले सामान और बिना तिरपाल के खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर सख्ती बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उन्होंने बैठक में शहर के अंदर यातायात दबाव कम करने के लिए बायपास रोड के निर्माण और शहर में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने पर चर्चा की गई। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अकांक्षा शिक्षा खलखो, एस.डी.एम. गौतम पाटिल, रक्षित निरीक्षक मोहसीन खान, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, पीएमजेएसवाई के कार्यपालन अभियंता विनय वर्मा एवं आरटीओ सनत कुमार जांगड़े सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जिले में हुई 37626.72 क्विंटल धान की खरीदी

**नारायणपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर प्रदेश सहित जिले में गत 27 जनवरी तक जिले के पंजीकृत किसानों से 17 धान उपार्जन केन्द्रों के जरिये अनवरत रूप से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के मार्गदर्शन में इन केन्द्रों में किसानों के धान का उपार्जन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के धान खरीदी केन्द्रों में 27 जनवरी तक 37626.72 क्विंटल धान की खरीदी की गयी है, जिसमें धान खरीदी केन्द्र एड़का में 2643.44 क्विंटल, गढ़बेंगाल में 4002.20 क्विंटल, छोटेडोंगर में 3313.64 क्विंटल, झारा में 3047.16 क्विंटल, कन्हारगांव में 1021.84 क्विंटल, सोनपुर में 190.88 क्विंटल, चांदागांव में 1706.12 क्विंटल, दण्डवन में 1534.84 क्विंटल, नारायणपुर में 3489.28 क्विंटल, धौड़ाई में 2384.20 क्विंटल, बेनूर में 4229.84 क्विंटल और बाकुलवाही में 3581.72 क्विंटल, बिंजली में 2740.80 क्विंटल, कुकड़ाझोर में 1927.84 क्विंटल, ओरछा में 858.88 क्विंटल, कोहकामेटा में 357.76 क्विंटल, बासिंग में 596.28 क्विंटल धान की खरीदी हुई है।

# जनकल्याण डिजिटल प्रदर्शनी में मिल रहा है 'एकता ही समाज का बल हैं' का दिया संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज




**प्रयागराज (पीआईबी)।** ऐक्यं बलं समाजस्य' जिसका अर्थ है एकता ही समाज का बल है, वाक्य को भारत सरकार की 'एक राष्ट्र एक कर' 'एक देश एक पावर ग्रिड'' एक देश एक राशन कार्ड' जैसी पहलें साकार कर रही हैं। इन पहलों से देश की एकता को बल मिल रहा है। ये सब जानकारियां सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से महाकुम्भ प्रयागराज में त्रिवेणी मार्ग पर लगायी गयी डिजिटल प्रदर्शनी में आने वाले श्रद्धालुजनों को मिल रही हैं। एकता का संदेश देने वाले चित्र में राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार पटेल की स्टैच्यु वाली तस्वीर भी प्रदर्शित है।

जम्मू -कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने से 'एक देश एक संविधान' के संकल्प की सिद्धि हुई है। एक देश एक चुनाव, एक देश,एक सिविल कोड की दिशा में प्रयासों से विकसित भारत के सपने को पूरा करने को गति मिल रही है की जानकारी भी आकर्षक रूप में प्रदर्शित हैं। जन भागीदारी से जनकल्याण और भारत सरकार की उपलब्धियों, लोककल्याणकारी कार्यक्रमों, योजनाओं एवं नीतियों पर आधारित प्रदर्शनी में उद्यम एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयास का उल्लेख किया गया है।

'कथामुखम् हितोपदेश उद्यमेन हि सिद्ध्यंति कार्याणि जिसका अर्थ है उद्यम से ही कार्य सिद्ध होते हैं इस प्रकार के वाक्य के निहितार्थ को साकार कर रही हैं मुद्रा योजना, पी एम विश्वकर्मा योजना, पीएमईजीपी और क्रेडिट गारंटी फंड योजना जैसी विविध योजनाएं। 13 जनवरी से शुरू हुई इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं और दृश्य-श्रव्य माध्यम से विकास और विरासत पर आधारित दी जा रही जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही सेल्फी भी ले रहे हैं द्य एलईडी वाल पर विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शित हो रही डाक्यूमेंटरी फिल्म श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### टीवीएस शो-रूम में गंडासा लेकर गुण्डागर्दी, दो नाबालिग सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र के तहत टीवीएस शोरूम में गंडासा लहरा कर दहशत फैला रहे चार बदमाशों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अरोपियों ने शोरूम में घुसकर गाली गलौच करने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के बाद सुपेला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार की है। रवि शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि सोमवार शाम 4:30 बजे मे कुछ गुडे बदमाशं टीवीएस शो रूम मे अंदर प्रवेश किए। हाथ में डंडा व लोहे का गंडासा हथियार लेकर अश्लील गाली गलौच देकर जान से मार देने की घमकी देते हुए डरा धमका रहे थे। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया है। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि केम्प 1 छावनी क्षेत्र में संदिग्धों देखा गया। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्धों का पकड़ कर एक लोहे का गंडासा व बांस की लकड़ी जब्त किया गया। आरोपियों में दलजीत सिंह उर्फ बादल पिता संजय सिह उम्र 24 वर्ष साकिन केम्प 1 शास्त्री नगर, हरप्रीत सिंह पिता स्व प्रताप सिंह उम्र 18 वर्ष निवासी केम्प 1 शास्त्री नगर तथा दो नाबालिग शामिल हैं।

### लाठी-डंडे से महिला को उतारा मौत के घाट

**दंतेवाड़ा।** जिले में एक युवक ने 54 साल की महिला को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला है। उसका कहना था कि महिला की नातिन ने उसकी बुआ का राशन कार्ड फाड़ दिया है। अब उसे राशन नहीं मिलेगा। यही कहकर महिला की हत्या कर दी। हालांकि, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला जिले के कटेकल्याण थाना क्षेत्र का है।

# दुर्ग में म्यूल अकाउंट का संचालन, अब तक 35 गिरफ्तार

## लगभग तीन करोड़ का ट्रांजेक्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के मोहन नगर पुलिस ने म्यूल अकाउंट के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में अब तक 35 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन खातों में पुलिस ने अब तक 2 करोड़ 85 लाख का ट्रांजेक्शन का पता लगाया है। पुलिस ने 15 खाता धारकों एवं 20 खाता उपलब्ध कराने वालों के खिलाफकार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना मोहन नगर एवं एसीसीयू स्टाप जिला दुर्ग की भूमिका रही।



दुर्ग जिले में एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन में एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी दुर्ग चिराग जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिव चंद्रा व उनकी टीम द्वारा आनलाईन ठगी करने वालों पर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समनवय पोर्टल के माध्यम से थाना मोहन नगर क्षेत्र के कर्नाटक बैंक शाखा स्टेशन रोड दुर्ग में म्यूल एकांउट खाता धारकों की जांच में पाया गया कि कर्नाटका बैंक शाखा में कुल 111 खाता धारको के एकाउंट में देश के अलग अलग राज्यो में हुए सायबर फ्राड की रकम करीब 86 लाख 33 हजार 247 रुपए जमा हुए हैं। उक्त 111 बैंक खातों में अवैध धन लाभ अर्जित करने के लिए बैंक खातो का इस्तेमाल कर रकम प्राप्त करना पाया गया।

उक्त खातो में आन लाईन ठगी की रकम ट्रांसफर हुई। इन खातो के संबंध में अलग अलग राज्यों के पुलिस थानों में शिकायत होना पाया गया। संदिग्ध 111 बैंक खातो का उपयोग आनलाइन ठगी के रकम प्राप्त करने में प्रयोग किया जा रहा था। खास बात यह है कि इनके खाताधारकों को भी इसकी जानकारी है। मोहन नगर पुलिस ने खाताधारकों को नोटिस भी दिया। खाता धारको को थाना बुलाकर पूछताछ करने पर इनके द्वारा देश के अलग अलग हिस्सो से साइबर ठगी की राशि को अपने एकाउंट में लेना स्वीकार किया। अब तक 2 करोड़ 85 लाख का ट्रांजेक्शन डिटेल की जानकारी प्राप्त की गई है। बैंक खातों पर किराए पर लेने व देने का पूरा गिरोह काम कर रहा है। कर्नाटका बैंक म्यूल खाता धारकों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 317 (2), 317(4),318(4), 61 (2), (क) बीएनएस 2023 पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है। अब तक 15 खाता धारकों एवं 20 खाता उपलब्ध कराने वालों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की पता साजी की जा रही है।

### यह हैं खाता धारकों के नाम

- प्रदीप कुमार महतो पिता गुलाब प्रसाद महतो उम्र 30 निवासी वार्ड क्रमांक 05 शंकर पारा रावण भांठा सुपेला भिलाई जिला दुर्ग।
- निखार मेश्राम पिता सुरेन्द्र मेश्राम उम्र 26 निवासी कोशा नगर भिलाई मराठी मोहल्ला हाउस नं. 101 जिला दुर्ग।
- सुनील बारिक पिता राजूलाल बारिक उम्र 26 निवासी खुर्सीपार चंद्रमा चौक जिला दुर्ग।
- सौरभ कोठारी पिता घन-याम सिंह कोठारी उम्र 29 निवासी क्वाटर नं. 08 बी सड़क 34 सेक्टर 04 भिलाई जिला दुर्ग।
- कमलेश साहू पिता धन्नू लाल साहू उम्र 37 निवासी ग्राम पंचायत के सामने अंजोरा जिला दुर्ग
- सरिता वि-वकर्मा पिता स्व. रज्जू वि-वकर्मा उम्र 24 निवासी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तेलहा नाला खुर्सीपार जिला दुर्ग।
- सुधा मानिकपुरी पति स्व. संतोश मानिकपुरी उम्र 34 निवासी जोगी नगर थाना पद्मनाभपुर जिला दुर्ग।
- बड़ी रवि पिता बड़ी तमैया उम्र 39 निवासी 61 एफ केएलसी मछली मार्केट जोन 02 खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग।
- अनुकुल सरावगी पिता स्व. राधे-याम सरावगी उम्र 59 निवासी सेक्टर 07 मार्केट दुकान नं. 49 भिलाई नगर जिला दुर्ग।
- प्रेम पांडेय पिता त्रेतानाथ पांडेय उम्र 32 निवासी गया नगर दुर्ग वार्ड नं. 03 जिला दुर्ग।
- एकता पांडेय पति प्रेम पांडेय उम्र 32 निवासी गया नगर दुर्ग वार्ड नं.03 जिला दुर्ग।
- शदाब अली पिता मुस्ताक अली उम्र 25 निवासी वार्ड नं. 08 तकिया पारा दुर्ग जिला दुर्ग।
- जितेन्द्र बिंझलेकर पिता श्री विश्णु बिंझलेकर उम्र 41 निवासी राजिव नगर वार्ड क्र. 09 सुपेला भिलाई जिला दुर्ग।
- कालू हरपाल पिता राजा राम हरपाल उम्र 29 निवासी बापू नगर, उड़िया पारा थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग।
- प्रवीण कुमार चंदेल पिता जोहन राम चंदेल उम्र 25 निवासी राम नगर मुक्ति धाम स्कूल के पास भिलाई जिला दुर्ग।

### यह हैं खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपियों के नाम

- श्वेता दुबे पिता स्व. ऋषि दुबे उम्र 22 निवासी राधिका नगर सुपेला जिला दुर्ग।
- टुके-वर ठाकुर पिता सोमनाथ ठाकुर उम्र 23 निवासी इंद्रानगर सुपेला नितला मंदिर के पास जिला दुर्ग।
- हुमेन्द्र पटेल पिता बंदू राम पटेल उम्र 28 निवासी इंद्रानगर रावन भांठा सुपेला भिलाई जिला दुर्ग।
- शुभम रंगारी पिता शंकर रंगारी उम्र 23 निवासी कैंप 01 रोड न. 18 संग्राम चौक थाना वैशाली नगर भिलाई दुर्ग जिला दुर्ग।
- विमल कुमार साहू पिता स्व. गणपत लाल साहू उम्र 28 निवासी रामनगर मुक्ति धाम सुपेला भिलाई जिला दुर्ग।
- एम डी आरिफ पिता मोहम्मद असलम उम्र 26 निवासी कैंप 01 सुंदर नगर गुरूद्वारे के पास थाना छावनी जिला दुर्ग।
- यशवंत टोडल पिता सुकालू राम टोडल उम्र 23 निवासी न्यू कृशणा नगर सुपेला भिलाई बजरंग चौक जिला दुर्ग।
- राकेश साव पिता मनोज साव उम्र 25 निवासी श्रीराम मार्केट कांट्रेक्टर कॉलोनी वार्ड नं. 18 निव मंदिर के पास थाना सुपेला भिलाई जिला दुर्ग
- अभय प्रसाद साव पिता स्व. सुरेन्द्र प्रसाद साव उम्र 24 निवासी राम नगर मुक्ति धाम भिलाई गायत्री मंदिर के पास जिला दुर्ग
- रितेन पाण्डेय पिता डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय उम्र 33 निवासी राम जानकी रोड, वार्ड नं. 19 रामनगर सुपेला थाना वे-नाली नगर जिला दुर्ग।
- अमृतपाल सिंह उर्फकरण पिता सविंदर सिंह उम्र 23 निवासी महाराणा प्रताप कॉलोनी क्वार्टर नं. 1 बी/215 वार्ड नं. 10 इंदरा गांधी वार्ड थाना विश्रामपुर जिला सुरजपुर।
- रंजय सिंह पिता स्व. श्री विशणुदेव सिंह उम्र 50 निवासी विश्रामपुर वार्ड नं 15 जिला सुरजपुर।
- अमन कुमार सिंह उर्फसानू पिता संतोश सिंह उम्र 20 निवासी निवनेदरपुर वार्ड नं. 04 थाना विश्रामपुर जिला सुरजपुर।
- अथर्व जायसवाल पिता कृशण कुमार जायसवाल उम्र 22 साल निवासी हास्पिटल कॉलोनी विश्रामपुर जिला सुरजपुर हाल मैत्रीकुंज रिसाल, भिलाई दुर्ग।
- आयुश सोनी पिता संतन सोनी उम्र 18 निवासी शांति नगर सुपेला भिलाई वार्ड 14 द-नहरा मैदान के पास सुपेला जिला दुर्ग।
- राहूल शर्मा पिता राकेन शर्मा उम्र 21 निवासी चंद्रनगर स्ट्रीट नं. 27 कोहका सुपेला चौंकी स्मृति नगर थाना सुपेला जिला दुर्ग।
- रॉबिन लकड़ा पिता इजुल लकड़ा उम्र 25 निवासी सूरजपुर ग्राम तिलसुवा एनएच 43 जिला सुरजपुर।
- गुरप्रित सिंह पिता स्व. कर्नेल सिह उम्र 38 निवासी गुरूद्वारा के पास विश्रामपुर जिला सुरजपुर।
- रितेश जेकप कुजुर पिता रंजित कुजुर उम्र 24 निवासी तुलसी चौक गंगापुर अंबिकापुर जिला सरगुजा।
- कंचन एक्का पिता डेनियल एक्का उम्र 25 निवासी कबीर नगर रिंगरोड नंबर 01 रायपुर।

# पारिवारिक विवाद में युवक ने अपने बड़े भाई की नाक काटकर किया अलग

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने पारिवारिक विवाद के बाद अपने बड़े नाक को काटकर अलग कर दिया। लहूलुहान हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया। वहीं इस मामले में शिकायत मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामला थाना बागबहार का है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 351(2), 117(2), 117(3) के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटन 26 जनवरी की है। सांवाटोली कुकुरभूका निवासी कृष्णा कुमार यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि 26 जनवरी 2025 की रात 8:30 बजे अपने घर में खाना खा रहा था। इस दौरान उसके पिता दसमू यादव ने आवाज देकर बोला कि उसका छोटा भाई पौलुस यादव खेत में लकड़ी का घेरा (घोरना) डालने के नाम पर, जान से मारने की धमकी देते हुए, मां बहन की गंदी गंदी गाली देकर लडाई झगडा कर रहा है। इसके बाद कृष्णा घर के बाहर निकलकर अपने छोटे भाई पौलुस यादव से पूछा कि पिताजी के साथ क्यों लडाई झगड़ा कर रहे हो।

इस पर आरोपी पौलूस यादव द्वारा ,तुम्हें क्या करना है, बीच बचाव करने आये हो कहकर मां बहन की गंदी गंदी अश्लील गाली देते हुए, जान से मार डालूंगा कहकर प्रार्थी के सिर को पकड़ कर उसके नाक को अपने दांत से काट कर अलग कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने पहले घायल कृष्णा को अस्पताल में भर्ती कराया और उसके बाद उससे बयान लेकर अपराध दर्ज किया। विवेचना दौरान पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को रिपोर्ट के चंद घंटों के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार करने तथा अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपी पौलुस यादव को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## सहेली ज्वेलर्स का संचालक हुआ 2.50 लाख ठगी का शिकार

**रायपुर।** सदर बाजार स्थित सहेली ज्वेलर्स का संचालक 2.50 लाख रुपये ठगी का शिकार हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमित कुमार जैन ने थाना में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि सदर बाजार रायपुर सहेली ज्वेलर्स के नाम से उसके फुफा सुनील कुमार जैन सोने चांदी की दुकान है। जिसका दो वर्षो से सुमित संचालन कर रहा था। उसके मोबाइल पर अज्ञात नम्बर 9179746609 से फोन आया था। उसने अपना नाम राजीव कुमार बताया। फोन पर उसने दो-ढाई तोला कि सोने की चेन खरीदने की बात कही। तब सुमित ने कस्टमर को व्हाटसअप पर 26.890 ग्राम सोने की चेन की फोटो भेजी। तब आरोपी ने चेन लेकर प्रगति कॉलेज चौबे कालोनी आने और वहीं पेमेंट करने की बात कही। फिर आरोपी ने 25 हजार रूपए का सोना खरीदने का आर्डर देकर एडवांस पेमेंट करना कहा। तब सुमित ने कर्मचारी दीपक सोनी को वहां भेज दिया।

आरोपी राजीव कुमार ने चेन लेकर डिस्काउंट करने की बात कर पंजाब नेशनल बैंक के 2.50 लाख का चेक दुकान के नाम से दीपक को दिया। जिसे लेकर दीपक वापस दुकान आ गया। जिसके बाद बिल बनाने के लिए कर्मचारी को राजीव को पैन कार्ड के लिए फोन लगाने कहा तब उसका फोन बंद आने लगा। जिसके बाद से अब तक राजीव कुमार ने कोई संपर्क नहीं किया और फोन भी बंद हैं। बैंक जाकर उक्त व्यक्ति की पूछताछ करने पर व्यक्ति के नाम से कोई भी खाता नहीं मिला। जिस पर धोखाधड़ी होने के शक में सुमित ने कल शाम आजाद चौक थाना जाकर धोखाधडी होने की शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 318-4 का अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी कर रही है।

# भिलाई में बम धमाका, खड़ी कार को बम से उड़ाया, सीसी टीवी में कैद हुआ बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के कोहका से कुरुद जाने वाले मार्ग में मंगलवार शाम को बम के धमाके से लोग थर्रा गए। स्मृति नगर चौकी क्षेत्र का यह मामला है। सीसी टीवी फुटेज में बदमाश दिख रहा है। कार के पास खड़ा बदमाश ने टाइमिंग बम सेट कर कार में ब्लास्ट कर दिया। धमाका इतना तेज था कि पूरा क्षेत्र दहल गया। फिलहाल स्मृति नगर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना कोहका से कुरुद स्थित बिल्डर प्रकाश महोबिया के ऑफिस के पास की है। यह घटना मंगलवार शाम 6:30 सक 7 बजे की घटना है। जिस कार में ब्लास्ट किया गया वह प्रकाश महोबिया के भांजे संजय बुंदेला की बताई जा रही है। डस्टर कार में ब्लास्ट हुआ। बताया जा रहा है कि संजय ऑफिस से घर के लिए निकला था। बाहर आने के बाद कुछ काम से फिर अंदर गया और यह ब्लास्ट हो गया।

### सीसी टीवी फुटेज में दिखा बदमाश

घटना की सूचना के बाद स्मृति नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। सीसी टीवी फुटेज जांचने पर एक युवक नजर आया जो बम लगा रहा था। बम लगाने के बाद वह चला गया और कुछ देर बाद ब्लास्ट हो गया। पुलिस का मानना है कि यह साजिश के तहत किया गया है। युवक ने किसी तरह का टाइमर बम लगाया था। धमाके से कार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। विस्फोट में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# निर्वाचन शाखा में तैनात आरक्षक ने खुद को गोली मार की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में पुलिस आरक्षक ने अपने आप को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आरक्षक यहां के निर्वाचन शाखा में तैनात था। घटना मंगलवार दोपहर बाद की है। ड्यूटी में आने के बाद उसने यह खौफनाक कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला जिले के रुद्री थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय के पास पास कंपोजिट भवन के बगल में बने ईवीएम स्ट्रांग रूम में सालिक राम पात्रे 40 वर्ष है, दोपहर करीब 3:00 बजे ड्यूटी में आया था। जिसके कुछ देर बाद स्ट्रांग रूम के एक कमरे उसने एसएलआर राइफल से अपने आप को सर में गोली मार ली जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई।आसपास मौजूद लोगों ने गोली की आवाज सुनी और मौके पर पहुंचे। जिसके बाद जिला प्रशासन और रुद्री पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई।

कलेक्टर नम्रता गांधी भी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची। डीएसपी मीना साहू ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर धमतरी पुलिस विभाग पदस्थ आरक्षक सालिक राम पात्रे की ड्यूटी 19 जनवरी से स्ट्रांग रूम में लगाई गई थी। मंगलवार को ड्यूटी पर आने के कुछ देर बाद अपने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार लिया। सूचना पर तत्काल पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरक्षक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी नहीं है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### यमराज बना ट्रैफिक पुलिस का जवान

**दुर्ग।** जिले में चल रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सिविक सेंटर में ट्रैफिक पुलिस ने अनोखे तरीके से लोगों को जागरुक किया। इस मौके पर ट्रैफिक पुलिस के जवान यमराज बनकर पहुंचे और वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट पहनकर गाड़ी चलाने की सलाह दी। यमराज की भूमिका निभाते हुए ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे बड़ा कारण वाहन चालकों का हेलमेट न पहनना है, जिससे उनकी जान जाने का खतरा बढ़ जाता है।

मेट्रो टेलर्स
सूट स्पेशलिस्ट
शॉप नं. 271, सी-मार्केटसेक्टर-6, भिलाई
मो. : 9993982019 . 9424106199

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

राकेश ट्रेडर्स
राकेश ट्रेडर्स जो चर्च के पास था वह आगे चला गया है पिछले दस वर्षो से
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Swami Aatmanad School, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

# जम्मू कश्मीर में अमन और शांति के लिए कार्य करें युवा-राज्यपाल

## राज्यपाल रमेन डेका से छत्तीसगढ़ भ्रमण पर आए कश्मीर के युवाओं ने की मुलाकात







श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जम्मू कश्मीर में उद्योग एवं व्यवसाय के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। युवा विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्टअप के लिए आगे आएं लेकिन यह तभी सफल होगा जब यहां शांति होगी। कश्मीर के युवा, अमन एवं शांति के लिए कार्य करें और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए अपना योगदान दें। राज्यपाल रमेन डेका ने नेहरू युवा केन्द्र संगठन के 'युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम' के तहत छत्तीसगढ़ भ्रमण पर आए कश्मीर के युवाओं से रूबरू होकर उक्त बातें कहीं।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार के 'युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम' के तहत कश्मीर के 6 जिलों श्रीनगर, कुपवाड़ा, बारामुला, अनंतनाग, पुलवामा और बड़गांव के स्कूलों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत 132 युवा, 6 दिनों के छत्तीसगढ़ भ्रमण पर गत 26 जनवरी को राजधानी रायपुर पहुंचे है। इस दौरान वे छत्तीसगढ़ विधानसभा सहित धमतरी जिले में गंगरेल बांध, एडवेंचर पार्क, यूथ क्लब आदि स्थानों में भ्रमण करेंगे। इसी कड़ी में वे राजभवन आए और राज्यपाल श्री डेका से मुलाकात की।

राज्यपाल श्री डेका ने इन युवाओं को देश-प्रदेश, समाज एवं परिवार के प्रति जिम्मेदारी निर्वहन करते हुए कैरियर निर्माण तथा देश के बेहतर नागरिक बनने के लिए जरूरी मार्गदर्शन दिया। श्री डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ और कश्मीर दोनों प्राकृतिक रूप से सुंदर राज्य हैं। युवाओं को एक-दूसरे के राज्य के बारे में जानना चाहिए। जिससे वे अपने गौरवशाली राष्ट्र के बारे में ज्यादा जान पाएंगे। उन्होंने युवाओं को कैरियर एवं जीवन में आगे बढने के लिए जरूरी बाते बताई और कहा कि वर्तमान में जो हम करेंगे वह हमारा भविष्य बनाएगा। उन्होंने कहा कि आज युवाओं के सामने कैरियर निर्माण के बहुत सारे विकल्प हैं। धैर्य के साथ कड़ी मेहनत करें और अपने जुनून को अपना व्यवसाय बनाएं। श्री डेका ने कश्मीर के विशेष ड्राय फ्रूट, गलीचा, कालीन निर्माण, टूरिस्ट गाइड, होम स्टे जैसे व्यवसायों में स्टार्टअप के लिए युवाओं को मार्गदर्शन दिया।

श्रीनगर जिले की युवा छात्रा कुमारी जीनत राही, कुपवाड़ा की कुमारी रिफ्त युसुफ पुलवामा जिले के राजा युनुस आदि ने छत्तीसगढ़ भ्रमण के दौरान हो रहे अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, खान-पान, रहन-सहन अद्भुत है। सभी ने यहां किए गए मेहमानवाजी की सराहना की और कहा कि कश्मीर के दूसरे युवाओं को भी छत्तीसगढ़ आने का मौका मिलना चाहिए। युवाओं ने राज्यपाल श्री डेका से अपने कैरियर और राज्य के विकास संबंधी विभिन्न प्रश्न भी पूछे। श्री डेका ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन नेहरू युवा के राज्य संचालक श्री अतुल निकम ने दिया। उप संचालक श्री आर. के तिवारी ने युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम, नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारी तथा कश्मीर से आए हुए युवा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नारायणपुर में 200 से अधिक लोगों ने सीखी ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** नगरीय निकाय स्थानीय निर्वाचन 2024-2025 के अंतर्गत नगरपालिका परिषद नारायणपुर हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशन में सभी वार्डों में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाताओं को ईवीएम के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी देना और उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

27 जनवरी को वार्ड क्रमांक 1 और 2 तथा 28 जनवरी को वार्ड क्रमांक 3 और 4 में शिविर लगाए गए, जहां 200 से अधिक लोगों ने डेमो ईवीएम मशीन का उपयोग कर मतदान प्रक्रिया को समझा। इन शिविरों में नगर पालिका की टीम ने लोगों को मतदान की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया और डेमो मतदान करवाया। शिविरों का आयोजन वार्ड स्तर पर ऐसे स्थानों पर किया जा रहा है, जो स्थानीय नागरिकों के लिए सुविधाजनक हैं।

29 जनवरी को वार्ड क्रमांक 5 सिंगोड़ीतराई आंगनबाड़ी के समीप प्रातः 11 से 1 बजे तक और वार्ड क्रमांक 6 बाजारपारा क्षत्रीय समाज भवन में दोपहर 3 से 5 बजे तक शिविर होंगे। 30 जनवरी को वार्ड क्रमांक 7 नंदी चौक के समीप प्रातः 11 से 1 बजे तक तथा वार्ड क्रमांक 8 महावीर मंदिर वार्ड बुधवारी बाजार में इसी समय पर शिविर आयोजित किया जाएगा। 31 जनवरी को वार्ड क्रमांक 9 जगदीश मंदिर वार्ड बुधवारी बाजार में दोपहर 3 से 5 बजे तक और वार्ड क्रमांक 10 मुरियापारा राधाकृष्ण मंदिर में प्रातः 11 से 1 बजे तक जागरूकता शिविर होंगे। 1 फरवरी को वार्ड क्रमांक 11 आश्रम वार्ड आंगनबाड़ी के पास दोपहर 3 से 5 बजे तक और वार्ड क्रमांक 12 माड़िनदेवी शीतला मंदिर के पास प्रातः 11 से 1 बजे तक शिविर होंगे। 2 फरवरी को वार्ड क्रमांक 13 कुम्हारपारा नाच मंडली में दोपहर 3 से 5 बजे तक तथा वार्ड क्रमांक 14 साकड़ीबेड़ा नाच मंडली में प्रातः 11 से 1 बजे तक आयोजन होगा। 3 फरवरी को अंतिम चरण में वार्ड क्रमांक 15 डुमरतराई नाच मंडली में प्रातः 11 से 1 बजे तक शिविर लगाया जाएगा।

# बेमेतरा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच का अभियान जारी

## अमानक उत्पाद बेचने वाले 6 प्रतिष्ठानों पर 16 लाख 50 हजार रुपये का अर्थदण्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार अमानक खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के विरूद्ध जांच पड़ताल का अभियान लगातार संचालित किए जा रहे हैं। बेमेतरा जिले में खाद्य पदार्थों और खाद्य तेलों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने आज कई प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया और खाद्य तेलों व खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संकलित किए।

इस अभियान के तहत प्रतिष्ठित विक्रेताओं जैसे जय सुपर बाजार से लाल गुलाब कच्ची घानी सरसों तेल और नेहल सुपर बाजार से पतंजलि कच्ची घानी सरसों तेल के नमूने लिए गए। इन नमूनों



को परीक्षण हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है।

गौरतलब है कि जिले में पूर्व में की गई जांच पड़ताल एवं परीक्षण में अमानक खाद्य पदार्थ विक्रय के मामले में 6 दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर 16 लाख 50 हजार रूपए का अर्थदण्ड लगाया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा की गई पूर्व जांच में छह मामलों में खाद्य पदार्थ अमानक पाए गए थे। जिसमें श्री मुरारी फेमिली रेस्टोरेंट एंड स्वीट्स, नवागढ़ चौक, बेमेतरा द्वारा बिना लाइसेंस रेस्टोरेंट संचालन के लिए 4 लाख रुपये, मंडेला स्वीट्स, बेमेतरा द्वारा अमानक मिठाई बनाने के लिए 3 लाख रुपये, स्वाति एरकॉन प्रा. लि., कारेसरा द्वारा अमानक रेडवाइन के भंडारण के लिए 5 लाख रुपये, रामेश्वरी ट्रेडर्स, कण्डरका द्वारा मिथ्याछाप धनिया पाउडर बेचने के लिए 1 लाख रुपये, अपना ढाबा, पिकरी, बेमेतरा द्वारा अमानक ग्रेवी बनाने के लिए 3 लाख रुपये तथा अश्वनी किराना, पड़कीडीह द्वारा अमानक अरहर दाल विक्रय के लिए 50 हजार रुपये का अर्थदण्ड न्यायालय द्वारा अधिरोपित किया गया।

# नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक पहुंची रायपुर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए (आई.ए.एस.) श्रीमती इफ्फत आरा, सामान्य प्रेक्षक नियुक्त की गई हैं। आम नागरिक निर्वाचन से संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या को प्रेक्षक से साझा कर सकते हैं।**



सामान्य प्रेक्षक श्रीमती इफ्फत आरा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक सिविल लाइन, रायपुर स्थित सर्किट हाउस के कक्ष क्रमांक 304 में आमजन से मुलाकात करेंगी। साथ ही, प्रेक्षक से उनके मोबाइल नंबर 9993000787 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

सामान्य प्रेक्षक कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचीं, जहां उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के साथ नामांकन केंद्रों का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की।

# राज्यपाल डेका से नव नियुक्त सचिव डॉ. प्रसन्ना ने की भेंट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में राज्यपाल के नव नियुक्त सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने भेंट की। राज्यपाल ने उन्हें नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। नव नियुक्त सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने आज राजभवन में अपना कार्यभार ग्रहण किया। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2006 बैच के अधिकारी हैं। उनके पास सहकारिता विभाग का भी कार्यभार है।**



# श्री सीमेंट की घटना पर बरसे कलेक्टर सोनी, कहा- लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाएगा

## कलेक्टर दीपक सोनी ने ली सभी सीमेंट संयंत्रों के अधिकारियों की क्लास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार। कलेक्टर दीपक सोनी ने बलौदा बाजार भाटापारा जिले के सिमगा ब्लॉक के खपराडीह में स्थित श्री सीमेंट संयंत्र के स्त्रक्र यूनिट से निकलने वाली दुर्गंध के कारण बच्चों के बीमार पड़ने की घटना को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। घटना के तुरंत बाद जिला प्रशासन द्वारा श्री सीमेंट के एएफआर क्षेत्र को सील करने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद उन्होंने मंगलवार को जिले में संचालित समस्त सीमेंट संयंत्र के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर उन्हें अपने सीमेंट संयंत्र में अल्टरनेट फ्यूल एंड रॉ मैटेरियल के समुचित प्रबंधन के निर्देश दिए हैं।**




बैठक में कलेक्टर सोनी ने श्री सीमेंट्स के प्रबंधन को एएफआर क्षेत्र निगरानी के जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि संयंत्रों में हुई लापरवाही के कारण आम जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी सजगता से निगरानी कर रहा है कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न होने पाए। कलेक्टर ने कहा कि यदि श्री सीमेंट प्रबंधन को जारी नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलता तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी सीमेंट संयंत्रों में एएफआर क्षेत्र में आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण, कुशल मानव संसाधन की नियुक्ति करते हुए इस आशय का प्रमाण पत्र जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एएफआर क्षेत्र में मैटेरियल उपयोग की क्षमता, भौतिक भंडारण एवं प्राप्ति के स्त्रोत,संयंत्र द्वारा भंडारण निस्तारित किये जा रहे एएफआर हेतु प्राप्त अनुमतियां, संयंत्र के भीतर एएफआर का भंडारण व निस्तारण हेतु एसओपी, संयंत्र के भीतर एएफआर के भंडारण हेतु मापदण्ड अनुसार शेड, नाली एवं सेग्रिगेशन पिट निर्माण की स्थिति, दुर्गंध पृथक्करण प्रणाली, एएफआर के उपयोग एवं प्रबंधन में संयंत्र द्वारा की जा रही कार्यवाही और सीमेंट संयंत्र द्वारा इस दिशा में लोगों को असुविधा से बचाने एवं उनकी सुरक्षा के लिए किए गए उपायों की रिपोर्ट तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# सरकार की बड़ी कार्रवाई, 27 चिकित्सा अधिकारी व स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स को किया गया सेवा मुक्त




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए लंबे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित 27 चिकित्सा अधिकारियो व विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा समाप्त कर दी गई हैं। साथ ही 21 चिकित्सा अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए है।

विदित हो कि चिकित्सा अधिकारियों व विशेषज्ञ चिकित्सकों को अपने कर्तव्यस्थल से लंबे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के फ्लस्वरूप कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगातार तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हुए शासन के मूलभूत नियम और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (अवकाश) नियम का उल्लंघन किया गया था।

अनुपस्थित अधिकारियों व चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी करके अपना पक्ष प्रस्तुत करने का पूरा अवसर दिया गया था। सुनवाई में उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों/ विशेषज्ञ चिकित्सकों के पक्ष को सुना गया तथा उनके द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर गंभीरता से विचार करते हुए चिकित्सा अधिकारियो व विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा समाप्त कर दी गई हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950